(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

शुक्रवार, 17 सितंबर 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 272 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

प्रीति झंगियानी ने ठुकराया बिग ...8



# आम लोगों तक पहुंचें सरकारी योजनाओं की जानकारी : अनुराग सिंह ठाकुर

## ‘दिशा’ की वर्चुअल बैठक में केंद्रीय मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

हमीरपुर। केंद्रीय और राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राथमिकता के साथ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। वीरवार को जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जागरुकता के अभाव में पात्र लोग अक्सर सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। अनुराग सिंह ठाकुर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरकार की सभी योजनाओं का ग्रामीण स्तर पर व्यापक प्रचार—प्रसार करें। इसके लिए अधिकारी प्रचार सामग्री तैयार करवाएं और इसे गांव—गांव तक पहुंचाएं। इस प्रचार सामग्री में योजनाओं से संबंधित जानकारी के साथ—साथ इसका लाभ उठाने की प्रक्रिया के बारे में भी सरल शब्दों में बताया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी दिशा की प्रत्येक बैठक में पिछली बैठकों के निर्णयों और दिशा—निर्देशों के संबंध में की गई कार्रवाई का पूर्ण डाटा लेकर ही आएं, ताकि इन निर्णयों के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सके।



स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने मेडिकल कालेज हमीरपुर के अधिकारियों को नए सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने की प्रक्रिया को अतिशीघ्र पूरा करने तथा कृत कार्रवाई से अवगत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला में टीबी मुक्त अभियान को भी गति प्रदान करने तथा टीबी से ग्रस्त लोगों की पहचान एवं उपचार में तेजी लाने को कहा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोरोना संकट के दौरान जिला के सभी अधिकारियों—कर्मचारियों ने सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए सभी अधिकारी—कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि जिला में कोरोना रोधी वैक्सीनेशन की दूसरी डोज लगाने के कार्य को भी इसी तेजी से साथ पूरा करें, ताकि सभी लोगों को सुरक्षा कवच मिल सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बैठक में जिन—जिन अधिकारियों से वांछित सूचना मांगी गई है, वे इसे ई—मेल पते एमपीहमीरपुर एट रेट जीमेल डॉट कॉम पर प्रेषित करें। बैठक के दौरान उपायुक्त देबश्वेता बनिक ने दिशा से संबंधित विभिन्न मुद्दों और सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में केंद्रीय मंत्री को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सभी दिशा—निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी तथा विभागीय स्तर पर सभी योजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी। बैठक में एडीएम जितेंद्र सांजटा और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से जुडकर केंद्रीय मंत्री को अपने—अपने विभागों से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। दिशा की बैठक में स्वास्थ्य, बिजली बोर्ड, महिला एवं बाल विकास, जलशक्ति, लोक निर्माण, शिक्षा, उद्योग, खनन, खाद्य आपूर्ति, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, कृषि, राजस्व, योजना और ग्रामीण विकास इत्यादि विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई।

## पूर्व IAS अधिकारी हर्ष मंदर के घर-दफ्तर पर ईडी का छापा, सोनियां गांधी की NAC का थे हिस्सा



नई दिल्ली। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष मंदर के नई दिल्ली स्थित घर और दफ्तर पर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की। ईडी की छापेमारी ऐसे समय में हुई है जब हर्ष मंदर अपनी पत्नी के साथ जर्मनी गए हुए हैं। हर्ष मंदर सोनिया गांधी के भी करीबी रह चुके हैं और पूर्व की यूपीए सरकार में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य भी थे। इस परिषद की चेयरमैन खुद सोनिया गांधी थीं। खबरों के मुताबिक, ईडी ने सुबह 8 बजे मंदर के वसंत कुंज स्थित घर और अधचिनी इलाके में उनके दफ्तर पर छापेमारी की। महरौली में हर्ष मंदर की तरफ से चलाए जा रहे चिल्ड्रेन होम पर भी ईडी छापेमारी की है। हर्ष मंदर गुरुवार तड़के साढ़े 3 बजे के आसपास एक फेलोशिप प्रोग्राम के लिए जर्मनी रवाना हुए थे। जर्मनी की रॉबर्ट बॉश एकेडमी में यह फेलोशिप होनी है। इसी साल जुलाई माह में नेशनल कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स (छब्च्ब्) ने दिल्ली हाई कोर्ट को यह कहा था कि वह मंदर से जुड़े दो चिल्ड्रेन होम पर कार्रवाई करे। दरअसल, प्रबंधन स्तर पर कई खामियां और उल्लंघन का पता लगने के बाद एनसीपीसीआर ने हाई कोर्ट में यह सिफारिश की थी। एनसीपीसीआर ने जिन उल्लंघनों का जिक्र किया उनमे से एक यह भी था कि बाल गृह में रहने वाले बच्चों को जंतर—मंतर सहित कई प्रदर्शन स्थलों तक पर भी ले जाया जाता था। अक्टूबर 2020 में एनसीपीसीआर ने इन बाल गृहों पर रेड की थी। मंदर के मुताबिक, छापेमारी यह जानने के लिए की गई थी कि क्या बच्चों ने सीएए विरोधी प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था या फिर क्या इन दोनों ही जगहों पर रोहिंग्या मुस्लिम बच्चों को भी रखा जा रहा है।

## पीएम मोदी से मिले मनोहरलाल खट्टर, बोले– किसान आंदोलन की स्थिति के बारे में दी जानकारी

नयी दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात में किसान आंदोलन समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। यह मुलाकात करीब एक घंटे तक चली। बता दें कि केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का पिछले 10 महीने से आंदोलन चल रहे है। ऐसे में केंद्र सरकार के साथ—साथ हरियाणा सरकार को भी किसानों का खासा विरोध सहना पड़ रहा है। किसान आंदोलन पर हुई चर्चा : समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कहा कि किसान आंदोलन की स्थिति के बारे में उन्होंने पूछा है। मैंने उन्हें करनाल की घटना की जानकारी भी दी। सुप्रीम कोर्ट ने जो रास्ता खोलने के लिए हमें निर्देश दिए हैं उसपर भी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी को मैंने उनके जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व संध्या बधाई दी। काफी समय से प्रधानमंत्री जी से मिलना नहीं हुआ था। परिवार पहचान पत्र, मेरी फसल—मेरा ब्यौरा, मेरा पानी—मेरी विरासत आदि विषयों पर बातचीत की। च्ड मोदी को दिया निमंत्रणः मुख्यमंत्री खट्टर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हरियाणा आने का निमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे रेलवे ऑरबिटल कॉरिडोर जो पेएमपी के साथ—साथ बनने वाला है। उसके शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री को निमंत्रण दिया है। वे शिलान्यास करने के लिए आएंगे तो हमारे लिए सौभाग्य का विषय होगा

### यूपी में वायरल और डेंगू का प्रकोप

## सीएम योगी ने फिरोजाबाद भेजी 15 डॉक्टरों की टीम



फिरोजाबाद। एक माह से वायरल और डेंगू के प्रकोप से त्रस्त प्रदेश में इस समस्या से निपटने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 15 सदस्यीय चिकित्सीय दल यहां पहुंच गया है। इस दल में 10 चिकित्सक और पांच विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वायरल बुखार और डेंगू से अब तक 60 लोगों की मौत हो चुकी है। अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आगरा मंडल डॉक्टर ए के सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर संचारी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जी एस वाजपेई के नेतृत्व में उक्त दल इस बात का पता लगायेगा कि प्रभावित क्षेत्रों से लेकर सरकारी मेडिकल कॉलेज और अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों के पहुंचने से पहले ही वह इलाज से वंचित क्यों हैं? दल यह भी पता लगायेगा कि लगभग एक माह में विभिन्न प्रयासों के बाद प्रभावित होने वाले लोगों का आंकड़ा क्यों बढ़ रहा है और इसे कैसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एक अन्य दल जिसमें महिला चिकित्सक शामिल हैं वह भी मेडिकल कॉलेज पहुंच कर कार्यभार संभालने के बाद मरीजों को मिल रहे हो उपचार की निगरानी कर उन्हें बेहतर इलाज उपलब्ध कराने में लगी है। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर संगीता अनेजा ने बताया कि मौत का आंकड़ा अब भी 60 ही है। मीडिया में चल रही मौत के आंकड़ों के सवाल पर उन्होंने कहा कि मीडिया में जो 100 से लेकर 150 के बीच का या उससे अधिक आंकड़ा बताया जा रहा हैं, वह सही नहीं है।

## लखनऊ और आसपास जमकर बरसी बरखा तो, खुशी के साथ परेशानियां भी आईं



लखनऊ। सावन में भले ही यूपी में इन्द्रदेवता खुलकर मेहरबान नहीं हुए थे,लेकिन आज भादों में बरखा खूब जमकर बरसी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में कल रात से लगातार जारी बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। वहीं पूर्वांचल के कई जिलों में भी हल्की बूंदाबांदी के साथ मौसम सुहाना हो गया है। वहीं लखनऊ के कई इलाकों में जलभराव, पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित हो रहा है। मुख्य मार्ग पेड़ गिरने से बंद हो गए हैं। लखनऊ में कई मकानों की दीवारें गिर गई हैं। उधर,आलमबाग, कपूरथला और निरालानगर में पेड़ गिर गए, जिससे सड़कें बंद हो गई हैं। बीती रात से लगातार बारिश के साथ तेज हवाएं भी चल रही है। इसका नतीजा यह रहा कि तापमान में गिरावट से लोगो को उमस और गर्मी से निजात मिली है। मौसम विभाग का कहना है आज दिन भर के बाद अगले दो—तीन दिन भी बादलों की आवाजाही के बीच बूंदाबादी होती रहेगी। लखनऊ सहित आसपास के जिलों में लगातार हो रही बारिश से सड़कों और कालोनियों में पानी भर गया है। बता दें कि इसके पहले सितंबर माह में पिछले दो सप्ताह में एक दिन भी ठीक से बारिश नहीं हुई। लेकिन, मौसम विभाग का अनुमान है कि सितंबर में मानसून की भरपाई हो जाएगी। गोमतीनगर और सरोजनीनगर सहित कई कालोनियों में बारिश का पानी भर गया है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## कन्हैया कुमार जल्द ही थामेंगे कांग्रेस का हाथ, राहुल गांधी से कर चुके हैं मुलाकात

जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र नेता कन्हैया कुमार जल्दी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो सकते हैं। इस संदर्भ में उनकी मुलाकात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से भी हो चुकी है। हालांकि कांग्रेस सूत्रों ने दावा किया है कि कन्हैया कुमार को बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान ही पार्टी में आने का ऑफर दिया गया था लेकिन तब बात नहीं बन पाई थी। अब हाल में ही कन्हैया कुमार ने राहुल गांधी से मुलाकात की है। ऐसे में माना जा रहा है कि वह जल्द ही कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस के पास कन्हैया कुमार के लिए अलग प्लान है जिस पर अमल किया जाएगा। आपको बता दें कि बिहार में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का चयन किया जाना है। इस ऐलान के बाद कन्हैया कुमार के कांग्रेस में एंट्री हो सकती है। गौरतलब है कि कन्हैया कुमार अपनी पार्टी भाकपा से नाराज बताए जा रहे हैं। बिहार चुनाव के दौरान यह नाराजगी सामने आई थी जब कन्हैया कुमार ने चुनाव प्रचार से भी इंकार कर दिया था। इसके अलावा पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान भी कन्हैया कुमार लगातार पार्टी से दूर रहें। आपको बता दें कि दिल्ली में जेएनयू कैंपस में लगे विवादित नारों की वजह से कन्हैया कुमार चर्चा में आए थे। इसके बाद से वह लगातार राजनीतिक गलियारों का हिस्सा हैं। कन्हैया कुमार को बीजेपी का धुर विरोधी बताया जाता है।

## पीएम मोदी के जन्मदिन के मौके पर गुजरात में दिव्यांगों के लिए शुरू होगी मोबाइल वैन सेवा



न्यूयॉर्क। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिन के मौके पर ‘जयपुर फुट यूएसए’ ने गुजरात के दिव्यांगों के लिए मुफ्त कृत्रिम अंग (प्रोसथेटिक फीटमेंट) प्रदान करने के लिए एक ऑनलाइन कार्यक्रम में ‘एक मोबाइल वैन’ सेवा की शुरुआत को मंजूरी दी। प्रख्यात भारतीय योग गुरु एवं स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान (एसवीवायएएसए) के कुलपति डॉ. एचआर नागेंद्र और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के मुख्य संरक्षक एवं बीएमवीएसएस के संस्थापक पदम भूषण डीआर मेहता वीर ने ऑनलाइन एक कार्यक्रम में ‘मोबाइल वैन’ सेवा की शुरुआत को हरी झंडी दिखाई। मेहता ने कहा ‘‘ हम 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिन के खास मौके पर यह पहल शुरू कर रहे हैं।’’ ‘बीएमवीएसएस’ (जयपुर) के आठ योग्य ‘प्रोस्थेटिक्स’ पेशेवरों के साथ मोबाइल वैन, अपने पहले गंतव्य के रूप में मोदी के पैतृक निवास वडनगर के लिए रवाना होगी। उन्होंने वैश्विक महामारी के बीच दिव्यांगों की मदद करने में ‘मोबाइल वैन’ के महत्व पर प्रकाश डाला। यह वैन अन्य जिलों और शहरों में भी जाएगी। नागेंद्र ने ‘फिटमेंट कैंप’ (कृत्रिम पैर के मुहैया कराने के शिविरों) के जरूरतमंदों के घर तक पहुंचाने के दृष्टिकोण भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में भी एक कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन किया जा सकता है और कर्नाटक में दिव्यांगों को साल भर सहायता प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में एक स्थायी केन्द्र भी स्थापित किया जा सकता है। ‘जयपुर फुट यूएसए’ के अध्यक्ष प्रेम भंडारी ने समाज के निम्नतम आर्थिक तबके के लोगों को कृत्रिम अंग मुहैया कराने की जयपुर फुट यूएसए और बीएमवीएसएस की ‘मोबाइल वैन’ पहल को ‘‘अद्वितीय और प्रगतिशील’’ प्रयास करार दिया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मोबाइल वैन एक दिन में 7—10 लोगों को कृत्रिम अंग लगाने की मशीनों से लैस होंगी। भंडारी ने बताया कि इस अभियान के हिस्से के रूप में, बीएमवीएसएस कम से कम 71 दिव्यांगों की मदद करने को प्रतिबद्ध है, जो इस साल मोदी के 71वें जन्मदिन को मनाने के लिए एक प्रतीकात्मक संख्या है। प्रधानमंत्री मोदी के बड़े भाई सोमाभाई मोदी वडनगर में ‘सर्वोदय सेवा ट्रस्ट’ में आयोजित एक कार्यक्रम में ‘मोबाइल वैन’ शिविर का उद्घाटन करेंगे। ‘मोबाइल वैन’ बनाने का विचार न्यूयॉर्क के युवा निखिल मेहता का था।

# 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली! आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के लिए किया बड़ा चुनावी वादा



लखनऊ। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में सरकार बनने पर सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने और 38 लाख परिवारों पर बकाया बिजली का बिल माफ करने का ऐलान किया है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्ता में आने पर आम आदमी पार्टी की सरकार राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देगी। इसके अलावा सरकार छोटी—बड़ी सभी तरह की जोत वाले किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर बिजली के मनमाने बिल से परेशान प्रदेश के 38 लाख परिवारों के बिल माफ कर दिए जाएंगे और राज्य में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाएगी। सिसोदिया ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में सरकार ने बिजली इतनी महंगी कर दी है कि बिजली का बिल भरना बहुत मुश्किल हो रहा है। ‘‘सरकार कहती है कि या तो बिजली का बिल भरो नहीं तो उन्हें अपराधी माना जाएगा।’’ उन्होंने दावा किया ‘‘ उत्तर प्रदेश में सैकड़ों ऐसे मामले हैं जहां आम आदमी ने बिजली के महंगे बिल देखकर आत्महत्या कर ली है। अलीगढ़ में रामजी लाल नामक किसान ने बिजली का बिल नहीं भर पाने की वजह से आत्महत्या कर ली। एटा में 17 साल की लड़की ने सिर्फ इसलिए आत्महत्या कर ली कि बिजली विभाग ने उसके पिता के नाम गलत बिल भेज दिया था जिसे न चुका पाने के कारण उसे अपराधी करार दे दिया गया था।’’ सिसोदिया ने कहा पूरे उत्तर प्रदेश में 38 लाख परिवार ऐसे हैं जिनके घरों में सरकार ने महंगे बिजली के बिल भेज रखे हैं और सरकार उन्हें अपराधी मान रही है। मैं उन लोगों को कहना चाहता हूं कि आप आम आदमी पार्टी का समर्थन करिए और विधानसभा चुनाव में हमारी सरकार बनवाइये। सरकार बनते ही उन बिलों को फाड़ कर फेंक दीजिएगा। सब के बकाया बिल माफ कर दिया जाएंगे। यह अरविंद केजरीवाल की गारंटी है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली आज विलासिता नहीं बल्कि मूलभूत आवश्यकता है जिसे हर नागरिक को उपलब्ध कराना हर सरकार की जिम्मेदारी है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य और उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने इस मौके पर कहा कि केजरीवाल जो कहते हैं वह कर के दिखाते हैं। ‘‘300 यूनिट मुफ्त बिजली देने समेत जो भी घोषणाएं की गई हैं वे ऐतिहासिक हैं।’’ आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में पूछे जाने पर सिसोदिया ने कहा कि जब समय आएगा, तब पार्टी इस बारे में निर्णय लेकर बताएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रही है।



# वकीलों के आंदोलन को देखते हुए तहसील परिसर पुलिस छावनी में तब्दील रहा

करनैलगंज(गोंडा) । करनैलगंज तहसील में वकीलों के आंदोलन को देखते हुए तहसील परिसर पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। उसके बावजूद अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते मार्ग जाम कर दिया। तहसीलदार की कार्यशैली से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने गोंडा लखनऊ मार्ग जाम कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान करीब आधा घण्टा तक मार्ग का आवागमन बाधित रहा। संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा व मंत्री सूर्यकांत तिवारी वेद की अगुवाई में तहसील संघ भवन से अधिवक्ताओं का हुजूम निकला। हुजूम सीधे गोंडा लखनऊ मार्ग पर पहुंचकर सड़क जाम कर नारेबाजी करने लगा। वहीं भारी संख्या में पुलिस बल के साथ सीओ मुन्ना उपाध्याय, कोतवाल करनैलगंज प्रदीप कुमार सिंह व थानाध्यक्ष परसपुर राजनाथ सिंह अधिवक्ताओं को समझाकर आवागमन बहाल कराने की कोशिश करते रहे। मगर अधिवक्ता अपनी मांग पर अड़े रहे। मौके की स्थित देखकर पुलिस अधिकारियों के साथ उपजिलाधिकारी हीरालाल भी मौके पर पहुंचे। अधिवक्ताओं को समझा बुझाकर ज्ञापन लेकर मार्ग का आवागमन बहाल कराया। इस बीच करीब आधा घन्टे तक आवागमन बाधित रहा। तहसील पहुंचकर अधिवक्ताओं ने कार्यालय व न्यायालय में तालाबन्दी कराना शुरू किया। जिस पर उपजिलामजिस्ट्रेट व तहसीलदार का न्यायालय बन्द कराने के लिये अधिवक्ता व पुलिस बल के बीच काफी देर तक रस्सा कसी होती रही। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने दोनों न्यायालय का दरवाजा बन्द करवाकर गतिरोध समाप्त कराया। त्रिलोकीनाथ तिवारी, हृदयनरायन मिश्र, सत्यनरायन सिंह, करमचंद मिश्र, धर्मेंद्र कुमार मिश्र, दिनेश गोस्वामी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आयुष्मान अभियान 16 सितंबर से 30 सितंबर तक चलेगा,आपके द्वार आयुष्मान

गोण्डा । जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में ष्आपके द्वार आयुष्मानष 2.0 अभियान के संबंध में बताया कि आयुष्मान 2.0 अभियान आगामी 16 सितंबर से 30 सितंबर, 2021 तक चलाया जायेगा। उन्होंने वैक्सीनेशन अभियान में मीडिया द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में भी मीडिया से अपेक्षित सहयोग की अपील की है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में इस योजना के अंतर्गत कुल–205735 लाभार्थी परिवार हैं। जिसमें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 200559 तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में 5176 लाभार्थी परिवार हैं।अब तक लगभग 240000 आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। 10 मार्च, 2021 से 24 मार्च, 2021 तक आपके द्वार आयुष्मान अभियान चलाया गया था, जिनमें लगभग 73000 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया। अभियान से जनपद गोंडा सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड जारी करने वाले प्रदेश के जनपदों में तृतीय स्थान पर रहा। जनपद में अभी भी 85098 लाभार्थी परिवार ऐसे हैं जिनके एक भी सदस्य का आयुष्मान कार्ड नहीं बन सका है। ऐसे परिवारों को लक्षित करके आपके द्वार आयुष्मान 2.0 अभियान 16 सितम्बर से 30 सितम्बर तक चलाया जायेगा। अभियान में अन्य अंर्तविभागीय समन्वय स्थापित करते हुए ग्राम पंचायतवार कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनाये जायेंगे। मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अधीन जनपद में 22576 भवन एवं संनिर्माण में संलग्न पंजीकृत श्रमिकों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में शामिल किया गया है। इनके भी आयुष्मान कार्ड इस अभियान में बनाये जायेंगे। अब तक लगभग 1700 श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाकर जनपद गोंडा प्रदेश में द्वितीय स्थान पर है0। जिलाधिकारी ने बताया कि लाभार्थियों को कैम्प की सूचना आशा द्वारा बुलावा पर्ची के माध्यम से दी जायेगी। लाभार्थियों की सूची ग्राम पंचायतों में चस्पा की जाएगी। माइकिंग के द्वारा भी प्रचार – प्रसार किया जायेगा। लाभार्थियों को अपने साथ पी०एम० लेटरध्सी०म० लेटरध राशन कार्डध श्रमिक पंजीकरण तथा आधार कार्ड लाना होगा। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत चिन्हित लाभार्थी परिवार को गंभीर रोगों की चिकित्सा हेतु 5 लाख प्रति वर्ष निःशुल्क सहायता प्रदान की जाती है। जनपद गोंडा में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कुल 8 निजी तथा 19 सरकारी अस्पताल चिन्हित हैं।

# जनौस ने निकाला 'युवा हुंकार मार्च'

## देश में बेरोजगारों की खड़ी हो गयी है फौजः सत्यभान सिंह

अयोध्या। भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला कमेटी अयोध्या द्वारा "बेरोजगारी भारत छोड़ो,कहाँ है मेरा रोजगार? जबाब दो सरकार!वादा निभाओ सरकार!35 करोड़ है बेरोजगार, कौन है इसका जिम्मेदार!इंकलाब जिंदाबाद,अभी तो ये अंगड़ाई है,आगे और लड़ाई है,रोजी रोटी दे न सके,वह सरकार निकम्मी है आदि क्रांति कारी नारे लगाते हुए दोपहर 12 बजे पुष्पराज चौराहे विजली दफ्तर प्रांगण से "युवा हुंकार मार्च"जनौस जिलाध्यक्ष कामरेड धीरज द्विवेदी,सचिव कामरेड शेरबहादुर शेर,मण्डल प्राभारी कामरेड विनोद सिंह,नगर सयोजिका कामरेड सपना पांडेय व मीना के नेतृत्व में निकला जो हनुमान गढ़ी होते हुए नगर निगम पहुंच कर धरने में तब्दील हो गया। मार्च में जनौस के प्रदेश महासचिव कॉमरेड सत्यभान सिंह जनवादी भी शामिल रहे। धरने को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष धीरज द्विवेदी ने कहा कि नगर निगम प्रशासन पूरी तरह से जनसमस्याओं से ध्यान हटा कर केवल लूट का काम कर रहा है। प्रदेश महासचिव कामरेड सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि आज देश मे बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गई है कोरोना काल के कारण सारे रोजगार के अवसर खत्म हो गया है।चंद पूंजीपतियों के इशारे पर सरकार चल रही है और उन्हीं को फायदा पहुंचा रही है।सारे रोजगार के अवसर खत्म कर रही है। सरकारी कल कारखानों को बेंच रही है। मंहगाई ,भ्र्ष्टाचार, लूट ,नफरत में बड़ी तेजी से बृद्धि हो रही है।आज युवाओं को अपनी एकजुटता को कायम रखते हुए संघर्ष करने के लिए आगे आना ही होगा। धरने को कामरेड राजेश नन्द, कामरेड रामदुलारे यादव,तारुन ब्लाक अध्यक्ष कामरेड तारिक इशहाक,कामरेड सुग्रीव धुरिया,कामरेड सपना पांडेय, कामरेड अखिलेश सिंह,सीआईटीयू नेता कामरेड काशीराम यादव,माकपा जिलासचिव कामरेड अशोक यादव,गौरा ग्यासपुर अध्यक्ष कामरेड रामबिलास दुवे,कामरेड विनय सिंह,सचिव दिनेश कुमार वर्मा,दिलीप वर्मा, पंकज वर्मा,रामप्रताप,कामरेड विश्राम प्रजापति ने सम्बोधित किया।

जिला उपाध्यक्ष कामरेड शिवधार द्विवेदी ने कहा कि दो मांग पत्र सौपा गया जिसमें एक प्रधानमंत्री को सम्बोधित जिसमे बेरोजगारों को काम दो,युवा नीति बनाने, बेरोजगारों को सम्मानजनक जब तो रोजगार नही 10 हजार भत्ता दो,काम को मौलिक अधिकार का दर्जा दो,पुरानी पेंशन वहाल करने,प्रतियोगी परीक्षाओं के फार्म निशुल्क करने, शहर के श्यामा प्रसाद प्रासाद मुखर्जी वार्ड में नाला बनवाने,सड़क व नाली बनबाने,टेक्स कम करने,आदि मांगो को लेकर आज का प्रदर्शन किया गया और नगर व जिले की समस्याओं को लेकर 15 दिन का समय दिया गया है। कार्यक्रम में माकपा नेता कामरेड रामजी तिवारी,कामरेड इंद्रावती,कामरेड रामरती,कामरेड रामकली, कामरेड प्रियंका,कामरेड मीना,कामरेड संगीता,कामरेड सुग्रीव,कामरेड,कामरेड कुसुम,कामरेड महावीर,कामरेड सचिन गौड़,कामरेड रामप्रताप,कामरेड विनोद,कामरेड कृष्णा,कामरेड कृष्ण कुमार मौर्या,कामरेड रामसुरेश निषाद,सूरज विश्कर्मा,अमित वर्मा,श्री नाथ वर्मा,केश कुमार निषाद,अमरनाथ भारती,रामजन्म वर्मा,सेख हजारी,संजय उपाध्याय, जितेंद्र कुमार,रामसिंह,सहित सैकड़ों मौजूद रहे।

# बच्चों के शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति सरकार सजगः डीपीओ

गोण्डा । कोविड–19 काल के दौरान माता–पिता दोनों या किसी एक अथवा अभिभावक को खोने वाले बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, देखरेख और पढ़ाई की मुकम्मल करने के लिए उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना संचालित है। इस योजना के तहत अब तक 76 बच्चों को लाभान्वित किया जा चुका है। उक्त जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया कि जिन परिवारों ने कोरोना काल में अपनों को खोया है। उनके बच्चो के सपने टूटने न पाये, इसके लिए उन्हे आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत 76 बच्चों को प्रतिमाह 4000 की मदद सीधे उनके बैंक खाते में प्रेषित की जा रही है। उन्होने कहा कि कोविड काल में कोरोना से मृत्यु होने पर उनके बच्चों को रू 4000 प्रतिमाह अथवा अन्य कारणों से मृत्यु होने पर उनके बच्चों को रू 2500 प्रतिमाह प्रदान किये जाने का प्रावधान है। वहीं कक्षा–12 की परीक्षा उत्तीर्ण कर राजकीय डिग्री कालेज, विश्वविद्यालय अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक की डिग्री या डिप्लोमा प्राप्त करना चाह रहे हैं, उन्हें लाभान्वित किया जायेगा।

# शहीद के परिजनों से मिला सपा का प्रतिनिधिमंडल

अयोध्या। विगत कुछ माह पहले छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नक्सली हमले में हमले शहीद हुए, अयोध्या के रानोपाली निवासी शहीद राज कुमार यादव के परिवार से सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव विशाल मणि यादव रिक्की यादव के नेतृत्व में सपा का प्रतिनिधिमंडल शहीद के परिजनों से मिलकर उनका हाल चाल लेते हुए उनकी हर संभव मदद का आश्वासन दिया इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव ने कहा कि शहीद राज कुमार यादव की पत्नी एवं उनके भाई से मिलकर मन व्यथित हुआ, मैं पूरा प्रयास करूंगा कि इन को किसी भी प्रकार की समस्या ना आने पाए। हम लोगों ने उनको अश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी हर–समय आपके परिवार के साथ खड़ी है पार्टी के कार्यकर्ता के हैसियत से आप के परिवार के साथ इसी कड़ी में आज मिलने आए और हम लोगों ने उनको भरोसा दिलाया की जल्द ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलाने का वादा करेगें। प्रतिनिधिमंडल में दीपक यादव राधे राधे, रवि यादव, छोटू यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा के सेक्टर प्रभारी चुनाव जीतने की बनाएं रणनीति : गंगा यादव

अयोध्या । सपा जिलाध्यक्ष ने रुदौली विधानसभा क्षेत्र में सेक्टर की मीटिंगें शुरू की। सेक्टर इंचार्जों से कहा सभी सेक्टर प्रभारी अपने अपने सेक्टर की मीटिंग शुरू करें । बूथ कमेटी का विस्तार करें जिसमें वोटर लिस्ट के हर पन्ने से एक कार्यकर्ता का नाम जोड़ें । सेक्टर कमेटी में सम्बंधित सेक्टर में निवास करने वाले सभी स्तर के पार्टी पदाधिकारियों , वरिष्ठ नेताओं को शामिल करके बैठकें करके चुनाव जीतने की रणनीति बनाएं । उक्त बातें सपा जिलाध्यक्ष गंगासिंह यादव ने रुदौली विधानसभा क्षेत्र के मवई ब्लाक के 13 सेक्टरों की बैठक में कही । सभी सेक्टर प्रभारियों को वोट बढ़वाने के लिए फार्म 6 दिया गया । बैठक में विधानसभा अध्यक्ष रुदौली छोटेलाल यादव , ब्लाक अध्यक्ष रिहान खान , सेक्टर इंचार्ज सुरेश सिंह , पिंटू वर्मा , शरवन यादव , राम दास यादव , अलीम खान , लियाकत अली , अबसार हुसैन , मुन्ने मियां , सती प्रसाद यादव , कामाख्या रावत , हरीश चंद्र , सगीर आदि उपस्थित थे ।

# तेज हवा व बारिश में सड़क पर गिरा पेड़, आवागमन बाधित

मिल्कीपुर–अयोध्या। तेज हवा संग बारिश के बीच दोपहर बाद कुमारगंज से बहादुरगंज ब्लॉक मुख्यालय मार्ग के बगल स्थित कृषि विश्वविद्यालय के एनएसपी फॉर्म के पास सड़क पर पेड़ गिर गया। जिससे वाहनों का आवागमन बाधित रहा। क्षेत्रीय लोगों की सहायता से राहगीरों ने किसी तरह पेड़ का कुछ भाग तोड़ कर हटाते हुए बाइक व पैदल के लिए आवागमन बहाल किया गया। कुमारगंज से बहादुरगंज जाने वाले मार्ग के एनएसपी फार्म से थोड़ी दूर पर एक विशालकाय अर्जुन का पेड़ तेज हवा वा बारिश की वजह से गिर गया। सड़क के बीच में विशालकाय पेड़ गिरने से रास्ता अवरुद्ध हो गया।फिलहाल पेड़ गिरने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सड़क चालू होने के चलते लगातार वाहनों व बाइक का आना जाना होता रहता है। पेड़ गिरने के दौरान कोई वाहन उस समय सड़क पर नही था। राहगीरों ने वन विभाग को दी सूचना सूचना के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचे वन कर्मी देर शाम तक रोड से नहीं हटाया गया था अर्जुन का विशालकाय पेड़ जिसके चलते वाहनों का आवागमन रहा बंद।

# संदिग्ध अवस्था में मिला युवती का शव

रुदौली–अयोध्या । कोतवाली रुदौली के मोहल्ला मलिकजादा के मालिक पुरवा स्थित अपने घर से बैंक के लिए निकली युवती का शव सोमवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में कायस्थाना मोहल्ला स्थित दुर्गापूजा स्थल के समीप बरामद होनें से नगर में सनसनी फैल गई । पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा पढ़ी के पश्चात पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया । घटना की जानकारी होनें पर पीड़ित परिजन से मिलने उनके घर पहुंचे विधायक रामचंद्र यादव ने परिजनों को आश्वस्त करतें हुए कहा कि शव का पोस्टमार्टम के बाद जल्द ही घटना का पर्दाफाश कराया जाएगा।विधायक ने पोस्टमार्टम में देर देख स्वयं पोस्टमार्टम भवन पहुँच गए जिसके बाद युवती का पोस्टमार्टम हुआ। सोमवार की देर शाम कोतवाली रुदौली अंतर्गत मोहल्ला कायस्थाना में दुर्गापूजा स्थल के समीप उस समय अफरातफरी मच गयी जब एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में वहां पड़ा दिखाई पड़ा । इसकी सूचना मोहल्लावासियों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस शव के शिनाख्त की कार्यवाही में जुट गई काफी मशक्कत के बाद शव की पहचान रुदौली कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मालिकजादा के मालिक पुरवा निवासी गायत्री लोधी उम्र लगभग 21 वर्ष पुत्री शिवराज बहरैची के रूप में हुयी । परिजनों के मुताबिक युवती सोमवार की दोपहर लगभग एक बजे पड़ोस की एक बृद्ध महिला से यह कह कर घर से निकली थी की उसके माता पिता जो खेत में थे घर आये तो उन्हें बता देना कि वह किसी काम के सिलसिले में नगर के ही एक बैंक जा रही है । शाम को पुलिस द्वारा उन्हें गायत्री के बेहोशी की हालत में कायस्थाना मोहल्ले में होनें की सूचना प्राप्त हुयी । आनन फानन में वें मौके पर पहुँचे परिजनों की मानें तो गायत्री वहीं पर मृत अवस्था में थी , लेकिन पुलिस का कहना है कि युवती वहां बेहोशी की हालत में थी जिसे नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी पाकर स्थानीय विधायक रामचंद्र यादव पीड़ित परिजनों से मिलने उनके आवास पहुचें जहां उन्होंने घटना का जल्द से जल्द खुलासा कराने का आश्वासन देते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। फिलहाल अब पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है जो इस घटना की जाँच का रुख तय करेंगी।

## युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

फिरोजाबाद । थाना उत्तर क्षेत्र अन्तर्गत एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है। थाना उत्तर क्षेत्र के ममता नगर निवासी राकेश (35) पुत्र श्याम लाल ने किन्ही कारणवश फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राकेश की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। चीख पुकार मचने पर आस पास के लोग मौके पर आ गये। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है।

## संदिग्धावस्था में फांसी लगने से विवाहिता की मौत

फिरोजाबाद । थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत एक विवाहिता की संदिग्धावस्था में फांसी लगने से मौत हो गयी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है। थाना नसीरपुर क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी रूमा (30) पत्नी कमल यादव की संदिग्धावस्था में फांसी लगने से मौत हो गयी। रूमा की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। चीख पुकार मचने पर आस पास के लोग मौके पर आ गये। इधर सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है। ग्रामीणों क अनुसार मृतका का पति पुलिस में बाहर कहीं नौकरी करता है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# हमले में दम्पत्ति सहित आधा दर्जन घायल

जौनपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तूतीपुर गांव निवासी एक किशोर , उसकी माता और पिता सहित आधा दर्जन लोगों को दंबगों ने मारपीटकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल माता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस इस इस मामले में मात्र एनसीआर दर्ज कर खाना पूर्ति की है। उक्त मोहल्ले का 15 वर्षीय गोलू बिन्द पुत्र बिन्दे दोपहर में अपने घर के निकट बैठा था तभी बगल का मिथुन व रितिक पहुंचकर उसे पीटने लगे शोर सुनकर उसकी बड़ी माता 50 वर्षीया कन्चन देवी पत्नी केवला राम आयी और विरोध किया तो उन्हे भी पीटा गया। इसके बाद कुछ लोगों के हस्तक्षेप करने पर मामला शान्त हो गया लेकिन शाम को उक्त दोनों मनबढ़े युवकों ने फिर से हमला बोला और गोलू के बड़े पिता केवला राम को पीटने लगे जब उसकी पत्नी और गोलू आये तो उन्हे पीटा गया और तब तक युवकों के घर की अन्य महिलायें और पुरूष आ गये तथा कई लोगों को बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। पिटाई से घायल कंचन को गंभीर रूप से चोट आने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की तहरीर देने पर हमलावर पक्ष भी वहां पहुंच गया और आरोप लगाया कि गोलू ने छेड़ख्वानी किया है। पुलिस ने अकारण हमला करने वाले पक्ष पर एनसीआर दर्ज किया है जिसका नतीजा यह है कि वे लोग फिर माने पीटने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने यदि प्रकरण में लापरवाही बरती तो बड़ी घटना होने से इन्कार नहीं किया जा सकता।

# प्रजापति समान ने मनायी रत्नप्पा कुम्भार की जयन्ती

जौनपुर। नगर के रशीदाबाद में अखिल प्रजापति कुम्भकार समाज द्वारा संविधान सभा सदस्य, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पद्मश्री डा. रत्नप्पा कुम्भार की 112वीं जयंती सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मनायी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) गुलाब चंद प्रजापति ने डा. रत्नप्पा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रजापति समाज को जयरत्नप्पा जी का संबोधन करना चाहिये। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेशीय प्रजापति महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री कैलाश नाथ प्रजापति ने कहा कि भारतीय प्रजापति शीर्षक सुधारक संत रामसुभीख प्रजापति का सपना पूरा होने जा रहा है। उनका सपना था कि भगवान दक्ष प्रजापति एवं डा. रत्नप्पा कुम्भार की जयंती धूमधाम से मनाई जाय। विशिष्ट अतिथि कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति के कोषाध्यक्ष सुधाकर प्रजापति एडवोकेट, भागीदारी पार्टी के जिला सलाहकार ब्रह्मदेव प्रजापति, भारतीय समता समाज पार्टी के जिला महासचिव डा. संजीव प्रजापति, वरिष्ठ समाजसेवी शिव शंकर प्रजापति, रामसरन प्रजापति, सोमारू राम प्रजापति एडवोकेट ने कहा कि अब सम्पूर्ण भारत में कुम्भार क्रांति आ रही है। आज लोग धूमधाम से डा. रत्नप्पा कुम्भार की जयंती मना रहे हैं। हम लोगों को हर सामाजिक कार्य हेतु साहस के साथ सहयोग व समर्थन करना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रशेखर प्रजापति ने किया। संचालन अखिल प्रजापति कुंभकार समाज के जिलाध्यक्ष संजय प्रजापति ने किया। कार्यक्रम आयोजक अखिल प्रजापति कुंभकार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष व सम्पादक महेंद्र कुमार प्रजापति ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भागीदारी पार्टी (पी) के जिला कोषाध्यक्ष सावन प्रजापति, रतन प्रजापति, सुरेन्द्र प्रजापति, दीपक प्रजापति, धर्मेन्द्र प्रजापति, मिठाई लाल प्रजापति, लक्ष्मन प्रजापति, रीता प्रजापति, सुषमा प्रजापति, सोनी प्रजापति, नीतू, हिमांशी, सीतू, किरन प्रजापति, पूनम, चेतना आदि उपस्थित रहे।

# जिला कारागार , गोण्डा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

गोण्डा । जनपद न्यायाधीश मयंक कुमार जैन के निर्देश के अनुपालन जिला कारागार , गोण्डा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एवं निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव कृष्ण प्रताप सिंह द्वारा कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में सचिव श्री सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान में न्याय सभी के लिए उपलब्ध है , न्याय पाने का सभी को समान अधिकार है । यदि कोई व्यक्ति अपना मामला न्यायालय में प्रस्तुत करना चाहता है अथवा उसका कोई प्रकरण न्यायालय में लम्बित है तो उस व्यक्ति की गरीबी न्याय दिलाने में रूकावट नही होगी । वर्तमान समय में तहसील स्तरीय न्यायालय से उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय तक न्याय दिलाये जाने हेतु विधिक सेवा समितिया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समितियां कार्य कर रही हैं।

# डीआरएम मोनिका अग्निहोत्री ने करनैलगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का लिया जायजा

करनैलगंज(गोंडा) । डीआरएम मोनिका अग्निहोत्री ने करनैलगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। मिली खामियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। डीआरएम ने स्टेशन परिसर, बुकिंग आफिस, रेलवे कालोनी, रेल यातायात संचालन आफिस, स्टेशन अधीक्षक कार्यालय आदि का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने रेल कर्मियों से कहा कि यह प्रयास किया जाय कि यात्रियों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत न हो। बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाय। कोविड नियमों का पालन स्वयं एंव यात्रियों से करवाया जाये। इस दौरान सीनियर डीओएम, सीनियर डीएसटी, सीनियर डीसी, सीनियर डीईई टीआरडी सहित आरपीएफ के इंस्पेक्टर, सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षाबल एंव स्टेशन मास्टर सहित अन्य रेलवे कर्मी मौजूद रहे।

# डीआरएम ने निर्माणाधीन अयोध्या रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन का रेलवे अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। डीआरएम एसके शपरा, मेम्बर इंफ्रास्ट्रक्चर संजीव मित्तल , प्रिसिपल चीफ इंजीनियर सीपी गुप्ता ने निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम एस के शापरा ने कहा कि प्रथम फेज का काम लगभग पूरा हो चुका है और यह दिसंबर तक हो जाएगा पूरा। मेंटेनेंस से संबंधित काम और वाशिंग लाइन फैजाबाद में शिफ्ट की गई है। वही अब मात्र अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर प्रथम चरण में तीन प्लेटफार्म ही बनेगा । साथ ही उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन के मार्ग के चौड़ीकरण को देखते हुए अभी बहुत सारे लोगों के मकान और दुकाने आ रही हैं उसके लिए बातचीत चल रही है।जिससे लोगों को कम से कम परेशानी हो और यात्रियों को मिले सुविधाए। रीमॉडलिंग फेस वन में तीन ही प्लेटफार्म रहेंगे। यात्रियों के लिए केवल एक रेलवे स्टेशन का इजाफा होगा । एक नंबर प्लेटफार्म का विस्तार किया जकेगा जिसकी फुल लेंथ 625 मीटर होगी। दूसरे चरण के लिए विचार चल रहा है। उसके लिए कोई भी स्कीम अभी फाइनल नहीं हुई है।

# किसानों के साथ सरकार की योजनायें,सभी को मिले सुविधाएं: सांसद जगदंबिका पाल





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जोगिया क्षेत्र के कपिया में और रमपुरवा और मारूखगकला, सोनबरसा , तेलडिहवा में सासंद जगदंबिका पाल द्वारा राहत सामग्री राशन वितरण किया गया जिसमें गांव के लोगों में राहत सामग्री वितरण किया गया। आप को बता दे की बाढ़ के कारण गांव के लोगो की फसले खराब होने से मुसीबतें बढ़ रही।गुरूवार को जगदंबिका पाल सांसद के द्वारा लोगों को राहत सामग्री मिलने के बाद खुश नजर आये,जगदंबिका पाल ने कहा कि बाढ़ में जो भी गांव प्रभावित थे खासकर उन लोगों को सरकार के द्वारा राहत सामग्री वितरण किया गया जिसमें जिन किसानों को फसल बाढ़ के कारण खराब हो गया है उनको भी फसल बीमा योजना के अंतर्गत लाभ मिलेगा और जिन माताओं बहनों के पास मकान नहीं है उनको प्रधानमंत्री आवास दिलवाने की बात किया गया। इस अवसर पर ,धर्मेंद्र गौड़ प्रधान, चंद्रभान पहलवान, बेचु निषाद, भोला कसौधन, राहुल मिश्रा, राम करन गुप्ता लेखपाल संघ के अध्यक्ष, त्रिलोकी पूर्व प्रधान, रामसेवक पूर्व प्रधान, संजय श्रीवास्तव,रवि जायसवाल सांसद प्रतिनिधि,आदि लोग उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक रास्ते पर लगाया गेट,लोग परेशान

सागर विश्वकर्मा/
दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनौली/नौतनवां। सोनौली आदर्श नगर पंचायत सोनौली वार्ड 4 माधव रामनगर(कैलाश नगर)में एक उसी वार्ड के व्यक्ति द्वारा जिसका नाम रामकिशुन पुत्र साधु है एक स्थानीय नेता के सह पर अपने घर के सामने से गुजर रहे सार्वजनिक रास्ते पर नियम विरुद्ध गेट लगा दिया है जिस से रामकिशुन के घर के पीछे निवास कर रहे घरों का रास्ता पूर्ण रूप से बन्द हो जा रहा है जिस के विरूद्ध सागर विश्वकर्मा पुत्र विश्वनाथ ने लिखित रूप से उपजिलाधिकारी नौतनवा को दिनाँक 15 सितम्बर को शिकायती पत्र दे कर उक्त नियम विरुद्ध निर्माण को रोकने व हटाने का आग्रह किया है।जिस पर उपजिलाधिकारी नौतनवा ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बंधित यस एच ओ सोनौली को मार्क करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने को निर्देशित किया।

## मछुआरों ने सिधरिया ड्रेन में डाल दिया चिलवन, डूब रही है फसले

दैनिक बुद्ध का सन्देश

कुशीनगर।खड्डा और पडरौना तहसील क्षेत्र के किसानों के



लिए सिधरिया ड्रेन मुसीबत बनती जा रही है। एक तरफ जहां ड्रेन की समुचित जलनिकासी के लिए सफाई के दौरान खानापूर्ति की गई थी वहीं अब मछुआरों ने मछली पकड़े के लिए ड्रेन में अनेको जगह पर चिलवन (मछली के शिकार के लिए बांस की जाली) लगा दिया है। इस वजह से पानी का बहाव रुक सा गया है तथा खेतों में पुनः एक बार और जलभराव हो रहा है। जिसके वजह से सैकड़ों एकड़ फसल डूब रही है, अपने बर्बाद हुवे फसलों को किसी तरह से सवारने के बाद मछुवारों के चलते किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है।सिंचाई विभाग ने बरसात में टेंडर कराकर ड्रेन की सफाई कार्य शुरू कराई थी। अनेको किसानों ने अधिकारियों से शिकायत की तो अधिशासी अभियंता ने भुगतान रोककर जांच बैठा दी। अब मछुआरों ने ड्रेन में चिलवन लगाकर पानी रोक दिया है।लक्ष्मीपुर गांव निवासी मुन्नीलाल, सतरोहन पासवान, परसौनी गांव के विरेन्द्र गुप्ता, विशुनपुरा के पारस, नरचोचवा के प्रधान योगेंद्र सिंह, बिरइठ रामनगर की प्रधान समीउन नेशा आदि का कहना है कि जलभराव से गन्ना और धान की फसल बर्बाद हो रही है।

# एसआईएस कंपनी ने सिक्योरिटी गार्ड के पदों पर 23 नौजवानों का किया चयन

## सुकरौली,हाटा,मोतीचक व रामकोला में भर्ती प्रक्रिया पूर्ण शेष ब्लाकों में भर्ती तिथि निर्धारित



दैनिक बुद्ध का सन्देश

कुशीनगर। भारतीय सुरक्षा एवं दक्षता परिषद (एसआईएस) नई दिल्ली की ओर से बृहस्पतिवार को बीडीओ कार्यालय रामकोला में बेरोजगार युवाओं के लिए भर्ती का आयोजन किया। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सहयोग से आयोजित भर्ती शिविर में सुरक्षा जवान (सिक्योरिटी) पद के लिए कई युवा बेरोजगारों का चयन किया गया। एसआईएस के भर्ती अधिकारी फैजल खान ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान 70 के करीब युवाओं ने हिस्सा लिया। भर्ती के लिए रखे गए आवश्यक मापदंड के अनुसार 23 युवाओं का चयन किया गया है। चयनित किए गए युवाओं को लखनऊ में एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद युवाओं को 65 साल तक कंपनी की ओर से स्थायी नौकरी दी जाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में बतौर सुरक्षा कर्मी रखे जाने वाले युवाओं को कंपनी की ओर से 12 से 16 हजार रुपये का शुरुआती वेतनमान मिलेगा। भर्ती प्रक्रिया के दौरान सहायक भर्ती अधिकारी कर्मबीर सिंह भी उपस्थित रहे। वन्चित अभ्यर्थियों के लिए विशुनपुरा में कल भर्ती के लिए सुनहरा मौका है। भर्ती अधिकारी फैजल खान ने बताया कि सुकरौली हाटा और मोतिचक एवं रामकोला में भर्ती प्रक्रिया पूरी हो गई है। 20 सितम्बर को खड्डा 21 सितम्बर को नेबुआ नौरगिया 22 सितम्बर को कप्तानगज 23 सितम्बर को तमकुही 24 सितम्बर को सेवरही 25 सितम्बर को कसया 26 सितम्बर को फाजिलनगर 28 सितम्बर को दुदही 29 सितम्बर को पडरौना में भर्ती प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि शारीरिक मापदंड के लिए अभ्यर्थी का 167S5 सेमी होना अनिवार्य है। आयु सीमा 21 से 37 साल निर्धारित की गई है। कंपनी में नौकरी मिलने के बाद युवाओं को पीएफ, ग्रेच्युटी, बोनस, ईएसआई, सालाना वेतन वृद्धि और पदोन्नति के साथ रहने और खाने–पीने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## संतोष चंद को भाजपा युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया



दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला, गोरखपुर। भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने जानीपुर मंडल के समाजसेवी संतोष चंद को भाजपा युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संतोष चन्द को युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने का समाचार जब क्षेत्र के लोगों को मिली तो उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। लोगों ने उन्हें मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से राजन सिंह, बाल्मीकि गुप्ता, रिंकी गुप्ता, पिंटू चंद, राजा राम दुबे, इंद्रसेन राय, परमेश दुबे, भगवान चंद, चंचल चंद, रोशन श्रीवास्तव, अशोक जायसवाल, अनिल शर्मा आदि रहे।

## दो नेपाली बच्चों को मानव तस्कर के चंगुल से बचाया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। ककरहवा कस्बे के नेपाल सीमा पर दो नेपाली नाबालिक बच्चो को मानव तस्करी के चंगुल से बचाने में एस एस बी 43वी वाहिनी एवं मानव सेवा संस्थान ने सफलता हासिल किया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक दो नेपाली नाबालिक बच्चो को एक व्यक्ति मुंबई में नौकरी का झांसा देकर नेपाल से मुंबई के जाने के फिराक में था। सीमा पर एस एस बी 43वी वाहिनी सीमा चौकी ककरहवा के जवानो ने बच्चो को रोक कर पूछताछ किया, मामला संदिग्ध होने पर एस एस बी की ए एच टी यू एवं मानव सेवा संस्थान को सूचना दिया गया। सूचना पर मानव सेवा संस्थान एवं एस एस बी की ए एच टी यू की टीम ने गहन पूछताछ किया जिससे मामला मानव तस्करी का प्रतीत हुआ। जिसके पश्चात दोनों नाबालिक बच्चो को अग्रिम कार्यवाही हेतु नेपाल पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। बच्चों को बचाने में मुख्य रूप से कम्पनी कमांडर हरीलाल, बलजीत सिंह, ए एच टी यू 66वी वाहिनी के निरीक्षक ताशी पलदान, मुख्य आरक्षी सूर्य मणि यादव, तथा मानव सेवा संस्थान के जय प्रकाश गुप्ता, जीवन माया श्रीवास्तव, बेबी त्रिपाठी, अंजनी गुप्ता,आकांक्षा वर्मा शामिल रहे।

# फ्रॉड के मुकदमो में होगी जल्द कार्यवाही: सुरेश चंद्र रावत,अपर पुलिस अधीक्षक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। पुलिस लाइन सभागार में जनपद में विवेचना अधीन फ्रॉड के मुकदमे तथा फर्जी अभिलेखों के आधार पर नौकरी प्राप्त करने वाले शिक्षकों पर दर्ज मुकदमों की समीक्षा की गई। फर्जी अभिलेखों के आधार पर भर्ती के कुल 103 प्रकरण पाए गए हैं। 70 प्रकरण में विवेचना पूर्ण करते हुए चार्जशीट न्यायालय भेजी जा चुकी है। 33 प्रकरण अभी विवेचना अधीन है स जिनमें फर्जी अभिलेख मूल कार्यालय से प्रमाणित कराए जा रहे हैं। 30 सितंबर तक सभी मुकदमा की विवेचना पूर्ण करके



विधिक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बेसिक शिक्षा कार्यालय से 103 फर्जी शिक्षकों से उनके द्वारा आहरित वेतन का आगणन करते हुए वसूली की कार्यवाही किया जाना अपेक्षित था। अभी तक वसूली का नोटिस भी जारी नहीं हो सका है । गोष्ठी में उपस्थित बेसिक शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि से अपेक्षा की गई कि 1 सप्ताह में जिन फर्जी शिक्षकों से वेतन की वसूली किया जाना है उनकी नोटिस निर्गत करके एक प्रति संबंधित विवेचक को भी उपलब्ध कराएं ताकि यदि फर्जी नियुक्ति के पश्चात आहरित वेतन यदि वापस राजकीय कोष में जमा किया जाए तो संबंधित फर्जी शिक्षक के विरुद्ध विवेचक 409 आईपीसी गबन की धारा बढ़ा सकें। समीक्षा गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी सदर प्रदीप यादव सभी विवेचक व बेसिक शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सपा नेता विजय कुमार यादव बाढ़ पीड़ितों से मिले

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला, गोरखपुर ।चिल्लूपार विधानसभा के पूर्व बीजेपी प्रत्याशी



जो 2012 में भाजपा के टिकट पर चिल्लूपार में विधानसभा का चुनाव लड़े जिसके दौरान उन्हें 17760 मत प्राप्त हुआ एवं 1995 से 2010 तक बड़हलगंज ब्लाक प्रमुख के पद पर काबिज रहे पिछड़ी जाति के नेता विजय यादव की शिक्षा एम. कॉम. एलएलबी, डीपीए 1987 में डिग्री हासिल कर यूनिवर्सिटी को छोड़ दिया वर्तमान में सपा के टिकट पर चिल्लूपार विधानसभा से चुनाव लड़ने की तेजी से तैयारी कर रहे हैं। और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार बाढ़ राहत शिविर को लगाकर हजारों जनता को मेडिकल ट्रीटमेंट उपलब्ध करवाने का काम कर रहे है। एवं हजारों जनता को खाद्य सामग्री का वितरण भी कर रहे है। तथा समाज के हर वर्ग को साथ में लेकर चलने का प्रयास कर रहे है। चिल्लूपार विधानसभा के जितने भी गांव बाढ़ ग्रस्त हैं उन गांव में दौड़ा करके नाव लगवाना, लोगों को खाद्य पदार्थों का वितरण करवाना, लोगों को दवा दिलवा ना, समाज के हर तबके के लोगों को एक धागे में पिरोने का काम समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी विजय यादव कर रहे हैं।

# चकनाली की जमीन पर अवैध कब्जेदार पर लेखपाल नें की कार्रवाई

## डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के मन्नीजोत चौराहे का मामला

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भनवापुर। राज्य सरकार सत्ता में आते ही अवैध रूप से सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एंटी भू माफिया घोषित कर कार्रवाई का निर्देश दिया था । जिसपर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ डुमरियागंज तहसील प्रशासन के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है । इसी क्रम में तहसील क्षेत्र के मन्नीजोत चौराहे पर चकनाली के जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले के खिलाफ 115 ब् की कार्रवाई करते हुए जुर्माना किया है।मन्नीजोत चौराहा निवासी रामनरायन गाटा संख्या 166 मि0 वा 170 मि0 जोकि राजस्व अभिलेख में नाली दर्ज हैं जिसपर करीब 7 वर्षों से अवैध रूप से कब्जा कर रखा था, हल्का लेखपाल कमलेश प्रसाद मिश्रा राजस्व संहिता की धारा 67 के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए, दो लाख नौ हजार रूपए के राजस्व वसूली का नोटिस दिया है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी डुमरियागंज त्रिभुवन प्रसाद नें बताया कि रामनरायन के द्वारा नाली की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया था, जिसपर हल्का लेखपाल के रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की गई है।

# एसएसपी की गाड़ी के ठोकर से सात वर्षीय बालक की मौत




दैनिक बुद्ध का सन्देश

कुशीनगर।गुरुवार को क्षेत्रीय भ्रमण पर निकले अपर पुलिस अधीक्षक की गाड़ी ने एनएच 28बी पर मस्जिदिया टोला के समीप बकरी चरा रहे एक सात वर्षीय बच्चे को ठोकर मार दिया, ग्रामीणों ने घायल बच्चे को सीएचसी तुरकहा ले गये जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल के समीप एनएच 28बी को दोपहर बाद पूर्ण रूप से जाम कर दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

आपको बताते चलें कि बुलहवा बाजार के मस्जिदिया टोला निवासी राजेश भारती का पुत्र प्रिंस भारती (सात वर्ष) बरस बकरी चरा रहा था कि पडरौना की ओर से आ रहे अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर की गाड़ी से उसको ठोकर लग गया।मृतक के गांव के ही राजू जायसवाल ने उसके परिजनों को सूचना देते हुवे सबके साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुरकहां पर ले गये जहां पर चिकित्सक ने जांचोपरांत उसको मृत घोषित कर दिया। इस घटना को लेकर जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है, वही आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 28बी को घटनास्थल के ही समीप पूरी तरह जाम कर दिया, जिससे दोनों तरफ से आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो गया।घटना की सूचना मिलते ही उपजिला अधिकारी सहित भारी भरकम पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुरकहां पहुंचकर जहां मृतक बच्चे को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। खबर लिखे जाने तक परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था और वही घटनास्थल पर दोनो तरफ से आवागमन अभी रुका हुवा था।

## ऑपरेशन शिकंजा के तहत गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गोला पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला, गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर' के कुशल निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, व हमराह कर्मचारी



की मदद से लगातार दबिश व मुखबीर तंत्र की बदौलत मु0अ0स0 91ए 2021 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना गोला जनपद गोरखपुर में वांछित अभियुक्त फूलमोहम्मद पुत्र इद्रीश निवासी चकमहेशपुर थाना गोला उम्र करीब 30 वर्ष को ग्राम गाजेगढहा तिराहा थाना गोला के पास से गुरुवार को समय करीब पौने नव बजे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । गिरफ्तार करने वाले टीम में प्रमुख रूप से.प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार हे0का0 नुरुद्दीन खान आरक्षी राम नयन आरक्षी रविन्द्र कुमार रहे।

# सम्पादकीय

**दरअसल, सत्ताधीश भी कोई गंभीर पहल नहीं करते जो पीड़िताओं का दर्द बांट सके और जांच व न्याय प्रक्रिया में तेजी लाकर नजीर पेश कर सकें। तभी आपराधिक तत्वों को खेलने का मौका मिलता है। मुंबई कांड में एक गिरफ्तारी हुई है, एसआईटी का गठन हुआ है और राजनीतिक...**

## एक और निर्भया

मुंबई में दुराचार और अमानवीय क्रूरता के चलते एक युवती की मौत ने एक बार फिर अपराधियों में कानून का भय न होना दर्शाया है। यह भी कि हमारा कानून व पुलिस बेटियों को सुरक्षा कवच देने में नाकाम रहे हैं। वर्ष 2012 में दिल्ली की निर्भया के साथ जैसी क्रूरता की गई थी, वही राक्षसी व्यवहार मुंबई की निर्भया के साथ भी हुआ है। निस्संदेह यह राष्ट्रीय शर्म का विषय है कि घर से निकलने वाली बेटियां अमानवीय क्रूरता की शिकार हो रही हैं। अपराधियों में यह धारणा लगातार बनी हुई है कि वे अपराध करने के बाद भी बच जायेंगे। हमें इस सवाल पर गंभीरता से सोचना होगा कि अपराधियों में कानून का खौफ क्यों नहीं है। हमारे समाज में ऐसी सोच क्यों पनप रही है जो महिलाओं के प्रति नफरत–क्रूरता को दर्शाती है। उसके साथ बेजान वस्तु जैसा व्यवहार क्यों किया जाता है जबकि पुरुष मां, बहन व बेटी के बिना अधूरा है। क्या कहीं अपराधी की परवरिश में खोट है या हमारा वातावरण इतना विषाक्त हो चला है कि वह लगातार ऐसे अपराधियों को पैदा कर रहा है। हमें तमाम ऐसे सवालों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। यही वजह है कि महिलाओं के प्रति क्रूरता करने वालों के साथ तालिबानी न्याय करने की बात उठने लगी है। कुछ वर्ष पूर्व दक्षिण भारत में एक बलात्कार की घटना और क्रूरता के बाद पुलिस पर अपराधियों के साथ बंदूक से न्याय करने का दबाव बना था। बाद में जब बलात्कारी पुलिस मुठभेड़ में मारे गये थे तो महिलाओं ने पुलिस का अभिनंदन किया था। यह भाव दर्शाता है कि आम धारणा बन रही है कि न्यायिक प्रक्रिया से संगीन अपराधियों को समय रहते समुचित दंड नहीं मिल पाता। देश ने देखा था कि निर्भया कांड के दोषी सजा होने के बाद भी कानूनी दांव–पेचों का सहारा लेकर पुलिस–प्रशासन व न्याय व्यवस्था को छकाते नजर आए। इस घटनाक्रम ने शीघ्र न्याय की आस में बैठे लोगों को व्यथित किया था। हाल के दिनों में मुंबई और पुणे में दुराचार व सामूहिक बलात्कार के कई मामले प्रकाश में आये। कमोबेश देश में भी ऐसी तमाम घटनाएं सामने आती रहती हैं जो दर्शाती हैं कि पथभ्रष्ट लोगों में स्त्री अस्मिता व गरिमा के लिये कोई जगह नहीं है, जिसके चलते यौन अपराध और फिर हत्या का सिलसिला जारी है। अपराधी समाज का अंग होने के बावजूद महिला–बच्चियों व उसके परिजनों के दर्द की कतई परवाह नहीं करते। वर्ष 2012 में निर्भया कांड ने देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। पूरे देश में व्यापक आक्रोश सामने आया था। उसके बाद यौन हिंसा से जुड़े कानूनों को सख्त बनाया गया था। दोषियों को कठोरतम सजा से दंडित भी किया गया था। लेकिन लगता है कि दिल्ली की निर्भया का बलिदान व्यर्थ चला गया। आज भी पीडिघ्त महिला व परिजनों को न्याय पाने के लिये यातनादायक लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। वहीं यौन अपराधों का आंकड़ा चौंकाने वाले स्तर तक बढ़ा है। यौन हिंसा के बाद तब तक मामला सुर्खियों में रहता है जब राजनीतिक दल राजनीति करते रहते हैं और मीडिया में मामला गर्म रहता है। फिर यौन पीडिघ्ता का शेष जीवन सामाजिक लांछनों और हिकारत की त्रासदी के बीच गुजरता है। उ.प्र. में हाथरस से लेकर उन्नाव तक यौन हिंसा के मामले में ऐसा हुआ। यहां तक कि यौन हिंसा के आरोप मंत्रियों व विधायकों तक पर लगे। पिछले दिनों शिव सेना के एक मंत्री पर गंभीर आरोप लगे, आरोप लगाने वाली महिला की आत्महत्या के बाद मंत्री का इस्तीफा तो हुआ पर, पीडिघ्ता को न्याय मिला?

## धंधे के अपग्रेड मॉडल से हलकान बंदे

आलोक पुराणिक

कोरोना वैक्सीन अभी सभी को न लगी है, पर यह चर्चाएं चलनी शुरू हो गयी हैं कि वैक्सीन के दो डोज ही काफी नहीं हैं, इनके बाद वैक्सीन बूस्टर लगवाना जरूरी है। बूस्टर के बाद संभव है कि कोई दवा कंपनी कह दे कि बूस्टर प्लस लगवाये बगैर तो कोई सेफ है ही नहीं। कोरोना वैक्सीन न हुई मानो एप्पल फोन का अपग्रेड हो गया, जिसे लिये बगैर पुराने एप्पल फोन की सेहत सही न रहेगी। बूस्टर, अपग्रेड के बगैर काम न चल रहा है, कंपनियों का। बंदे का भले ही काम चल जाये, दो डोज में, पर दवा कंपनी का काम न चलेगा। कोरोना आया और उसे फुलटू न निचोड़ा तो क्या फायदा कोरोना का। अपग्रेड का धंधा चकाचक है। मूल प्राडक्ट से ज्यादा कंपनियां अपग्रेड से कमाती हैं। बंदा एक ही बार खरीदकर रह जाये कोई आइटम तो धंधा कैसे चलेगा। टीवी सीरियल इस धंधे को अलग तरह से कर रहे हैं। मिर्जापुर सीरिज आयी, इसकी नंगई से मन न भरा, तो जी पार्ट टू आया। पार्ट टू की नंगई पर्याप्त न लग रही हो, तो पार्ट थ्री भी आयेगा। सीजन दर सीजन मिर्जापुर चलता जायेगा। पब्लिक न चाहेगी, तब भी कुछ दिन चलेगा। एक वक्त यह हुआ था नोकिया कंपनी के साथ, पब्लिक उकता कर भाग गयी थी। पर पब्लिक उकताती नहीं है आसानी से। नागिनों से न उकतायी, भूतों से न उकतायी। नंगई से क्या उकतायेगी। गालियों के अपग्रेड का धंधा लगातार चलेगा। नयी नंगई, एकदम उम्दा नंगई, अपग्रेड लेवल की, नये माडल की–कुछ इस टाइप की बातें इश्तिहार में आ सकती हैं। नंगई का धंधे से गहरा रिश्ता है। जो नंगई के धंधे में न हैं, वो भी पर्याप्त नंगे होकर नोट पीट लेते हैं, इसके लिए चाहे उन्हें कितने ही अपग्रेड लाने पड़ें। कुछ बिल्डर निवेशकों का पैसा हजम कर गये। जेल गये, फिर महंगे वकीलों की सेवा लेकर जमानत पर ऐश कर रहे हैं। यह अलग किस्म की नंगई है और पर्याप्त पैसे देती है। ब्रज क्षेत्र की एक कहावत का आशय है कि नंगे के आगे तो चोर भी नतमस्तक होता है। चोर समझ लेता है इससे क्या ले पाऊंगा। इसे तो हाथ जोड़कर ही निकल लो। बिल्डर से लेकर तमाम फाइनेंशियल इनवेस्टमेंट तक के क्षेत्र में बड़े बड़े नंगे टहल रहे हैं। आखिर में दवा से लेकर दारू तक सब कुछ धंधा ही हो जाता है। धंधे का मतलब सेल अधिकतम हो जाये। अपग्रेड वाली कंपनियां कहीं श्मशान घाट के धंधे में ना उतर जायें। पता लगे कि अग्नि को समर्पित हो लिया है बंदा, और आग बंद हो गयी, फिर मैसेज आया कि चिता के पैकेज का अपग्रेड लो, तब मामला निपटेगा। बंदा क्या कर सकता है, वहीं अपग्रेड लेगा। तब आगे का कार्यक्रम संभव हो पायेगा। बिना अपग्रेड के बंदा फूंक भी न सकता, यह होने वाला है। यह धंधे का अपग्रेड मॉडल है।

## पश्चिमी हितों की संरक्षक वैयक्तिक आजादी

**इसी क्रम में क्रिस्टोफर डिकी ने एक दूसरे लेख में लिखा कि अरब देश के वे तानाशाह और अमीर जो अमेरिका के प्रति नरम हैं, वे अपने ही देश के लोगों के लोकतंत्र के अधिकारों का खुलकर हनन करते हैं।ः उन्होंने सऊदी राजशाही परिवार के एक सदस्य के हवाले से बताया कि आप लोकतंत्र की इच्छा न करें। क्योंकि यदि अरब देशों में लोकतंत्र स्थापित हो जाएगा तो हर देश आपके विरुद्ध खड़ा हो जाएगा...**

भरत झुनझुनवाला

अमेरिका और भारत समेत अन्य पश्चिमी देशों द्वारा तालिबान की भर्त्सना यह कहकर की जा रही है कि उनके द्वारा वैयक्तिक स्वतंत्रता विशेषकर महिलाओं की स्वतंत्रता का आदर नहीं किया जाता है और वे लोकतंत्र के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य को नहीं मानते। निरूसंदेह तालिबानी कई तरह से अपनी जनता के साथ क्रूर व्यवहार करते हैं। लेकिन दूसरी तरफ यह भी देखने में आता है कि चीन द्वारा वैयक्तिक स्वतंत्रता के इसी मानवीय मूल्य को न मानने के बावजूद वहां की जनता अपनी सरकार के प्रति समयक्रम में उत्तरोत्तर अधिक प्रसन्न एवं संतुष्ट दिखती है। वह देश उत्तरोत्तर आर्थिक प्रगति भी कर रहा है। रूस, उत्तर कोरिया और सऊदी अरब जैसे देशों द्वारा भी इन मूल्यों को अमान्य किया जा रहा है। तो क्या जनहित हासिल करने के लिए वैयक्तिक स्वतंत्रता की पश्चिमी परिभाषा और चुनावी लोकतंत्र ही एकमात्र रास्ता है अथवा इसके विकल्प भी हैं? लोकतंत्र के पीछे मान्यता है कि इससे जनता का हित हासिल होता है। अतरू जनता के हित हासिल करने के दूसरे रास्तों को नकारा नहीं जा सकता। वैयक्तिक स्वतंत्रता पर अमेरिका के दोगले विचार का संकेत पेटेंट कानूनों से मिलता है। बीते 5 हजार वर्षों से मनुष्य ने तमाम आविष्कार किये हैं, जैसे गाड़ी का गोल पहिया, कांच के बर्तन इत्यादि। बीते 500 वर्षों में मनुष्य ने प्रिंटिंग प्रेस इत्यादि का आविष्कार किया है। इन आविष्कारों पर कोई पेटेंट नहीं था। दूसरे मनुष्य इन आविष्कारों की नकल कर इन्हें बनाने को स्वतंत्र थे। नकल करने से आविष्कारों का सिलसिला भी थमा नहीं बल्कि नये आविष्कार होते ही रहे हैं। लेकिन अमेरिका की अगुआई में 1995 में विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत नकल करने की इस वैयक्तिक स्वतंत्रता पर रोक लगा दी गयी। साथ–साथ आविष्कारक की वैयक्तिक स्वतंत्रता को और सुदृढ़ कर दिया गया। अपने आविष्कार को मनचाहे मूल्य पर बेचने की उसकी वैयक्तिक स्वतंत्रता को सुरक्षित कर दिया गया। इस प्रकार वैयक्तिक स्वतंत्रता की अंतर्विरोधी परिभाषा बनायी गयी। सिद्धांत था कि इससे व्यक्ति स्वतंत्रतापूर्वक अपना हित हासिल कर सकेगा। लेकिन व्यक्ति की अपना हित हासिल करने की वैयक्तिक स्वतंत्रता को आविष्कारक की वैयक्तिक स्वतंत्रता की वेदी पर बलि चढ़ा दी गयी। प्रत्यक्ष उदहारण हमें कोविड वैक्सीन में देखने को मिल रहा है। वैक्सीन को महंगे मूल्यों पर बेचकर फाइजर आदि कम्पनियों ने भारी लाभ कमाए हैं और इनकी नकल करने की स्वतंत्रता बाधित होने से आम आदमी को यह महंगे मूल्य पर उपलब्ध हो रही है। वैक्सीन के नये आविष्कार नहीं हो पा रहे हैं। बतातें चलें कि पूर्व में अपने देश में दवा की नकल कर बनाने की छूट थी। इस छूट का उपयोग करके भारतीय कम्पनियों ने उन्हीं दवाओं को बहुत कम मूल्य पर बनाया, जिन्हें पश्चिमी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां महंगे मूल्य पर बना रही थीं। इस प्रकार भारतीय कम्पनियों की नकल करने की स्वतंत्रता को बाधित करने से दवाओं का वर्तमान मूल्य बढ़ा हुआ है। यदि कोविड के टीके की नकल करने की भारतीय कम्पनियों को छूट दे दी जाए तो यह टीका सस्ते मूल्य पर उपलब्ध हो सकता है। दूसरा उदाहरण श्रम बाजार का लें। वैयक्तिक स्वतंत्रता में एक स्वतंत्रता एक देश से दूसरे देश को पलायन करने की भी है। लेकिन अमेरिका द्वारा प्रसारित स्वतंत्रता के माडल में किसी भी देश के अंदर व्यक्ति को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पलायन करने का अधिकार होता है लेकिन किसी व्यक्ति को एक देश से दूसरे देश को पलायन करने का अधिकार नहीं होता है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार आयोग की सार्वभौमिक उद्घोषणा की धारा 13.1 में कहा गया है कि हर व्यक्ति को अपने देश की सरहद में यात्रा करने की छूट होगी। लेकिन दूसरे देश में यात्रा करने को छूट उपलब्ध नहीं है। यानी यात्रा अथवा पलायन करने का कथित रूप से श्अंतर्राष्ट्रीयय मूल्य ही अंतर्राष्ट्रीय नहीं रह गया है। इस श्अंतर्राष्ट्रीयय मूल्य को श्राष्ट्रीयय सीमा में बांध दिया गया है। जबकि माल को एक देश से दूसरे देश में ले जाने की पूर्ण स्वतंत्रता है। इस प्रकार माल की अथवा उसके मालिक की वैयक्तिक स्वतंत्रता स्थापित की गई लेकिन मनुष्य की वैयक्तिक स्वतंत्रता बाधित की गई है। अमेरिका द्वारा प्रतिपादित वैयक्तिक स्वतंत्रता का अंतर्राष्ट्रीय मूल्य वास्तव में पश्चिमी देशों के आर्थिक हितों को सुरक्षित करने का एक रास्ता मात्र है। इसमें श्अंतर्राष्ट्रीयय कुछ भी नहीं है। दूसरा कथित अंतर्राष्ट्रीय मूल्य लोकतंत्र का कहा जाता है। यहां भी अंदर और बाहर का भेद है। आज से लगभग एक दशक पूर्व न्यूजवीक पत्रिका में सैमुअल हंटिंग्टन ने कहा कि इस्लामिक देशों के लोग अमेरिका के प्रति नकारात्मक हैं क्योंकि पश्चिमी देशों ने मुस्लिम देशों पर 20वीं सदी में घोर शोषण किया है। इसी क्रम में क्रिस्टोफर डिकी ने एक दूसरे लेख में लिखा कि अरब देश के वे तानाशाह और अमीर जो अमेरिका के प्रति नरम हैं, वे अपने ही देश के लोगों के लोकतंत्र के अधिकारों का खुलकर हनन करते हैं।य उन्होंने सऊदी राजशाही परिवार के एक सदस्य के हवाले से बताया कि श्आप लोकतंत्र की इच्छा न करें। क्योंकि यदि अरब देशों में लोकतंत्र स्थापित हो जाएगा तो हर देश आपके विरुद्ध खड़ा हो जाएगा।य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 5 सदस्यों को वीटो दिया जाना भी लोकतंत्र के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य के पूर्णतया विपरीत है। अतरू अमेरिका द्वारा वैयक्तिक स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों को उतना ही प्रसारित किया जाता है, जितना कि अमेरिका के अपने आर्थिक हितों को साधने में सहायक होता है।

## लिखे जाएंगे नये आयाम, पदक जीत आये हैं देश के नाम

**{ शुभम गुप्ता ने स्लोगन से बतलाया–इस बारी, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी नहीं विश्व भर में भारत का गौरव बढ़ाना है जिस शीर्ष तक कोई पहुंच सके नहीं उस उंचाई पर तिरंगा फहराना है। शिवेश मिश्रा का स्लोगन– जीवन एक दौड़ है और मैं कभी भी जीतने के लिए नहीं दौडना चाहता हूँ। बल्कि मैं द्दश्यों का आनंद लेते हुए आसपास दौडना चाहता हूँ। के माध्यम से खेलों के महाकुंभ में जाकर खिलाडियों के ... }**

श्वेता शर्मा

टोक्यों ओलंपिक में भारत ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विपरीत परिस्थितियों की भत्र्ठी से तपकर कनक बनी प्रतिभाओं ने मेडल जीतकर ये बता दिया है की हुनर किसी भी बाधा से ना रूका है और ना रूकेगा। इस ओलम्पिक से एक खास बात और सामने आयी कि जब–जब किसी खिलाड़ी ने मेडल हासिल किया तब–तब हम भारतीय सभी तकलीफों को भूल भारतीय बन गए। नीरज चोपड़ा के एक गोल्ड ने हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। लड़की बीनने वाली मीराबाई चानू ने सही में चरितार्थ कर दिया की एक पत्थर से भी आसमान में सुराख किया जा सकता है, बस जज्बा जीत का होना चाहिए। इन खिलाडियों और भारतीयों के मनोबल को बढ़ाने के लिए कविता और स्लोगन लिख कर अपना हुनर दिखाया छत्तीसगढ़वासियों ने।

चीयर फॉर इंडिया ओलम्पिक के शुभारंभ के पश्चात गर्व के साथ भारतीय खिलाडियों ने जिस जोश और हौसले से खेल के इतिहास में अपनी उपस्थिति दर्ज करवायी है वह हर भारतीय को खेल व खिलाड़ी के लिये प्रोत्साहित करता है।

इसी कड़ी में रीजनल आउटरीच ब्यूरो रायपुर ने खिलाडियों के मनोबल को बढ़ाने के लिये शुरु कि राज्यस्तरीय चीयर फॉर इंडिया प्रतियोगिता। इसके तहत सेल्फी पाइंट से लोगों ने भारतीय खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। इन शुभकामनाओं और प्रोत्साहन में ऑनलाईन कविता व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ आरओबी रायपुर के टिवट्र हैंडल को फॉलो करने वाले लोगों ने सहभागिता कर खिलाडियों के मनोबल बढ़ाने के लिए हृदयस्पर्शी व प्रोत्साहित करने वाले कविता व स्लोगन भेजे।

दूर दराज इलाकों से युवक व युवतियों ने कवितायें प्रेषित की।

चीयर फॉर इंडिया के लिये जाजंगीर जिले के अकलतरा से वर्षा यादव ने कविता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिनकी कविता का शीषर्क–कनक तुम्हारे शीश सजे के माध्यम से टोक्यों की धरती पर भारत के जीत का परचम लहराए, माँ भारती का मस्तक, विजय तिलक से अलंकृत हो जाए, सुनो दीपिका अर्जुन सा, सजग साधना लक्ष्य अपना, तीर लगाना मीन नयन पर, करना पूरा अपना सपना, कनक तुम्हारे शीश सजे कुछ ऐसा निशाना हो जाए। टोक्यो की धरती पर भारत के जीत का परचम लहराए।

प्रभाकर शुक्ला ने लिखे जाएंगे एक नई आयाम उभर कर कई पदक आएंगे भारतीय के नाम से बहुत ही सुंहर व आर्कषक कविता लिखी है। जिसमें में जापान में जब लहराएगा तिरंगा आएंगे दिन खुशियों के माध्यम से खिलाडियों के साथ भारत के खेल प्रेमियां के उम्मीदों को भी उजागर किया है। भारत के खिलाडियों के सम्मान में रायगढ़ जिले से नेहा बेहरा ने अपनी कविता के माध्यम से तू अर्जुन सा धुरंधर, भीम सा बलशाली है, तुझमें बजरंगी सा बल है, दौड़ चीते से मतवाली है, भर देना रण जोश अपने साथियों में तिरंगा लहरा कर आना तुम टोकियों में। जैसी कविता के माध्यम से मनोबल बढ़ाने का काम किया। के सुनीता रेड्डी अपनी कविता शत–शत नमन करूं ऐसे खिलाडियों को कविता के माध्यम से प्रोत्साहन किया है।

अकलतरा से ईश्वरी पंसारी कविता के माध्यम से 120 खिलाडियों की नहीं, यह तो 130 करोड़ भारतीयों की दहाड़ है। टोक्यों की भूमि पर ओलंपिक का लगा त्यौहार है। अपना तिरंगा शान से लहराकर टोकियों से आयेगे जीतकर दिल सबका हम जीत का परचम लहराएंगे के माध्यम से वीर रस से ओत–प्रोत कविता के माध्यम से खिलाडियों को जोश व जज्बा भरने की कोशिश की है।

वर्षा यादव स्लोगन के माध्यम से हॉकी टीम को बधाई देती हुई लिखती हैं– जिद है कि जीतेंगे महासंग्राम ओलंपिक का, दिखा देंगे ये दुनिया को हुनर हम में है फतह का।

शुभम गुप्ता ने स्लोगन से बतलाया–इस बारी, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी नहीं विश्व भर में भारत का गौरव बढ़ाना है जिस शीर्ष तक कोई पहुंच सके नहीं उस उंचाई पर तिरंगा फहराना है। शिवेश मिश्रा का स्लोगन– जीवन एक दौड़ है और मैं कभी भी जीतने के लिए नहीं दौडना चाहता हूँ। बल्कि मैं द्दश्यों का आनंद लेते हुए आसपास दौडना चाहता हूँ। के माध्यम से खेलों के महाकुंभ में जाकर खिलाडियों के साथ खिलाड़ी हो जाने व खिलाड़ी भावना की प्रेरणा मिलती है।

शिवम मिश्रा लिखते है परदेश की धरती पर भारत का नाम छाया है, तिरंगे की शान को दुनिया में चमकाया है, गर्व करने का एक और अवसर हमने पाया है, मीराबाई चानू ने जब रजत पदक उठाया है।

छाया नोरगे, राजेन्द्र कुमार उ.मा.शाला अकलतरा से सुन्दर से तिरंगे से भरी तस्वीर के साथ लिखती है–जब रेस लम्बी हो तो यह मायने नहीं कि कौन कितना तेज भाग रहा है मायने यबह रखता है कि कितनी देर तक भाग सकता है। खिलाडियों को खेल भावनाओं का सम्मान कर रही है।

23 वर्षीय आकृति ताम्रकार स्लोगन लिखती हैं, चढ़ चेतक पर सटीक निशाना लगा तुम देना, ओलंपिक विजय की प्रत्यंग चढ़ा तुम देना, विजय पताका लहरा तुम देना।

चीयर फॉर इंडिया की ऑनलाइन प्रतियोगिता में कविता लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है वर्षा यादव, द्वितीय शुभम गुप्ता, तीसरे स्थान पर नेहा बेहरा, चौथे नंबर पर ईश्वरी पंसारी, पांचवे स्थान पर प्रभाकर शुक्ला, छठवें स्थान पर रोशनी चन्द्रा, सातवें स्थान पर शिवेश मिश्रा व आठवें स्थान पर शिवम मिश्रा रहें। इन सभी प्रतिभागियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से चीयर फॉर इंडिया के द्वारा ओलंपिक 2020 के लिये बेहतरीन प्रस्तुतियां दी।

इसी कड़ी में ओलंपिक खिलाडियों के स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया शिवम मिश्रा, द्वितीय अजय यादव, तृतीय आकृति ताम्रकार, चतुर्थ प्रांजल शुक्ला, पांचवें स्थान पर शुभम गुप्ता, छठे स्थान पर शिवेश मिश्रा, सातवें स्थान पर नेहा बेहरा व आठवें स्थान पर छाया नोरगे। स्लोगन में देश के खिलाडियों को प्रोत्साहित किया है।

अजय यादव टिवटर पर को टैग करते हुए लिखते हैं कि पूर्व नहीं वर्तमान बन तू, जीत ले यह रण महान बन तू, यह टोक्यो ओलंपिक एक महासंग्राम, स्वर्ण ला विश्व में महान बन तू। भारत माँ फिर से तेरा वैभव आएगा, अवनि से अम्बर तक फिर तिरंगा लहराएगा। खेल रहे टोक्यो में तेरे लाल, हम सबर रखे हैं कि खेलगांव में राष्ट्रगान हमारा ही गाया जायेगा।

शुरू हुआ खेलों का महासंग्राम, टोक्यो में होगा भारत माता की जयजय गान। खेल रहे वीर तेले इस विश्वपटल पर हम होंगे कामयाब के नारे के साथ खिलाड़ी बढ़ाएगे देश तेरा मान।

जिस तरह टोक्यो में दूर–दूर से छोटे–छोटे गांवों व शहरों से आये खिलाडियों ने अपने खेल के माध्यम से सबका दिल जीत लिया ऐसे ही हमारे युवा प्रतिभागियों ने खेल भावना व देशप्रेम से ओत–प्रोत कविताओं व स्लोगन के माध्यम से खिलाडियों व हर भारतीय के मनोबल को बढ़ाया। भारत देश के ऐसे होनहार खिलाडियों व उनका प्रोत्साहन बढ़ाने वाले हुनरकार लेखकों को बहुत–बहुत बधाई। **प्रभारी, फील्ड आऊटरीच ब्यूरो, कांकेर (आलेख में व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं)**

# विद्युत व्यवस्था को बेहतर से और बेहतर किये जाने के डीएम ने दिये निर्देश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच 16 सितम्बर। जनपद की विद्युत व्यवस्था को बेहतर से और बेहतर किये जाने, विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने, शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने, समय से विद्युत ट्रांसफार्मरों का परिवर्तन, स्थानीय फाल्टों, जर्जर तारों एवं विद्युत पोलों को समय से दुरूस्त कराये जाने, विद्युत उपभोक्ताओं के बिलों से सम्बन्धित समस्याओं सहित अन्य विभागीय कार्यो की गहन समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक के दौरान त्रृटिपूर्ण बिलों के सम्बन्ध में विद्युत उपभोक्ताओं की ओर से प्राप्त होने वाली समस्याओं के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने मैकेनिज्म डेवलप कर समयबद्धता के साथ समस्या का समाधान कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उप खण्ड अधिकारी के स्तर पर ऐसी समस्याओं को सूचीबद्ध कर उनका विवरण रखा जाय तथा विभागीय अधिकारी नियमित रूप से इस कार्य की समीक्षा भी करते रहें। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को सचेत किया कि विद्युत विभाग में जनससमयाओं को लेकर प्रदेश के मुखिया अत्यन्त गम्भीर हैं इसलिए सभी जिम्मेदार अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बिलिंग और रीडिंग का कार्य त्रुटिरहित तरीके से हो विद्युत उपभोक्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो।जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ताओं को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने तैनाती स्थल पर निवास करें। तैनाती स्थल पर निवास करने से सम्बन्धित जियो टैग फोटोग्राफ्स भी प्राप्त किये जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित फर्म के साथ मीटर रीडर्स के कार्यों की समीक्षा कर लापरवाह व उदासीन किस्म के लोगों को चेतावनी जारी की जाय तथा कार्यों में सुधार न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लायी जाय। डॉ. चन्द्र ने निर्देश दिया कि विभाग अन्तर्गत गठित समितियों की बैठके समय से करायी जायें। जर्जर तारों और खम्भों को चिन्हित कर अवर अभियन्ता के माध्यम से उन्हें बदलने की कार्यवाही भी समय से की जाय।डॉ. चन्द्र ने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि ऐसे क्षेत्र जहॉ पर विद्युत आपूर्ति को लेकर समस्या आ रही है उन्हें चिन्हित कर कारणों को सार्ट आउट करें और ऐसे क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति में सुधार लाया जाय। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों का आहवान किया विभागीय कार्यों की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए अपने पदेन उत्तरदायित्वों का निवर्हन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें ताकि लोग विभागीय कार्यवाही से संतुष्ट रहें और शिकायतें कम से कम प्राप्त हों। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि आईजीआरएस अन्तर्गत प्राप्त होने वाली शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से समय से निस्तारित करायें। इस अवसर पर अधीक्षण अभियन्ता ए.एस. रघुवंशी, अधि. अभि. विद्युत वितरण खण्ड मुकेश बाबू, नानपारा कृष्ण कुमार, कैसरगंज, सुनील कुमार गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# पेड़ों को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी: सुनील शर्मा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। सोनांचल के दौरे पर आये उत्तर प्रदेश विधानसभा पंचायती राज समिति के सभापति सुनील शर्मा जी के नेतृत्व में समिति के विधायकों की टीम मौसम के खराब तथा उबड़–खाबड़ पथरीले मार्ग होने के बाद भी टैक्टर पर सवार होकर पपड़हवां स्थित मछन्दरनाथ तक गए। इस दौरान टीम में सम्मिलित सभी जनप्रतिनिधियों ने शगुप्तकाशी सेवा ट्रस्टश्के संस्थापक रवि प्रकाश चौबे द्वारा चलाये जा रहे पंचतत्व की रक्षा हेतु पेड़–पौधों की संरक्षा और सुरक्षा के अभियान को ना सिर्फ नजदीक से देखा बल्की पेड़ में रक्षा सूक्त बांधकर पर्यावरण को संरक्षित बनाए रखने का संकल्प भी लिया। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत गांवों में पंचायती राज विभाग द्वारा कराए जा रहे विकास परियोजनाओं के कार्यों के निरीक्षण के क्रम में जहां कई गांवों के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया और मौके पर लाभार्थियों से जानकारी प्राप्त की वही गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट के संस्थापक के आग्रह पर गोमुख बाबा मछंदरनाथ की तपस्थली का दर्शन पूजन कर प्रसाद भी ग्रहण किया। अपने इस व्यस्त कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के लोकप्रिय आदिवासी कर्मा नृत्य के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए गायन–वादन एवं नृत्य को भी देखा और कलाकारों की कला को सराहा। इस मौके पर संस्था के संस्थापक रवि प्रकाश चौबे, धर्मेन्द्र कुमार श्राजूश, प्रशांत मिश्रा आदि सदस्यों ने ग्रामीण परिवेश में अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। इस मौके पर मुख्य रूप से भूपेन्द्र प्रताप सिंह, राजबहादुर सिंह, विकास मिश्रा, अमरेश चेरो, सुदामा चेरो, नथुनी सिंह, अवधेश चौबे,दीपक सिंह समेत भारी संख्या में ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि ना सिर्फ मौजूद रहे बल्कि सभी ने वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया और कहां की वृक्ष है तो प्राण है, वृक्षों को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।



**● पंचायती राज समिति विधानसभा उत्तर प्रदेश की टीम आदिवासी लोक नृत्य कर्मा देख हुई विह्वल**

**● पेड़ों में रक्षा सूत्र बांध पर्यावरण को संरक्षित करने का लिया संकल्प**

## एनटीपीसी रिहंद के त्रिवेणी क्लब में धूमधाम से मना अभियंता दिवस

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र।गुरूवार को एनटीपीसी रिहंद के आवासीय परिसर स्थित त्रिवेणी क्लब में अभियंता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया



गया। डॉक्टर ज्ञात हो कि मोक्षगुंडम विश्वशरैया के जन्मदिन को इंजीनियर डे रूप में मनाया जाता हैं। त्रिवेणी क्लब में कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक देवव्रत पाल अपने सह अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर व डॉक्टर मोक्षगुंडम विश्वशरैया के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में पूर्व ईडी रिहंद बालाजी अयंगर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी को अभियंता दिवस की बधाई दी और रिहंद में बिताए एक एक पल की तारीफ की उसके बाद सभी उपस्थित अभियंताओं से अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद रिहंद परियोजना से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी पी एन तिवारी व नन्द लाल गोड़ को बुके और शाल देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधक ओ एंड एम के एन रेड्डी , महाप्रबंधकगणों में एस कृष्णा, ए के चट्टोपाध्याय, एम रमेश, ए के पपनेजा सहित कार्यक्रम को सफल बनाने में आफिसर एशोसियेशन एनटी पीसी रिहंद के पदाधिकारी गण सचिव मुकेश कुमार, राम कुमार मिश्र, विजय कुमार सिंह, आर पी सोनी, गौरव श्रीवास्तव, संजय कुमार जायसवाल की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम का सफल संचालन तपन दास गुप्ता ने किया। अंत मे आगत अतिथियों के सम्मान में एक सहभोज का आयोजन भी किया गया।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओ को किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। म्योरपुर गुरुवार को स्थानीय पंचायत भवन पर



मिशन शक्ति के अन्तर्गत ग्राम प्रधान संगीता जायसवाल की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में म्योरपुर थाने से आई महिला कांस्टेबल ज्योति सिंह, नंदनी व हेड कांस्टेबल नागेंद्र सिंह द्वारा गांव कि महिलाओं को महिला वूमेन उत्तर प्रदेश हेल्प लाइन नंबर 1090 के बारे में बताकर जागरुक किया गया।महिला कास्टेबलो ने महिलाओं से कहा कि आप लोगो की कोई भी समस्या हो तो थाने पर न आ पाने की स्थिति में पंचायत भवन पर ही आकर अपनी समस्या रखे ।पुलिस पंचायत भवन पर ही आकर आपकी समस्या का निदान करेगी।इसके साथ ही चाइल्ड हेल्फ नम्बर 1081,महिला हेल्फलाइन नम्बर 181 व आपातकालीन नम्बर 112 के बारे में भी महिलाओं को बताया गया।इस कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि गणेश जायसवाल,कांस्टेबल विकास कुमार सिंह,कुंती देवी,संध्या देवी,फूलमती,अन्नू देवी,आशीष कुमार व पंचायत मित्र भूपेंद्र गुप्ता मौजूद रहे।

# बफर गोदामों बिक्री केन्द्रों उर्वरक स्टाक का होगा भौतिक सत्यापन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच । शासन के निर्देश पर जनपद के उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर आईएफएमएस पोर्टल में प्रदर्शित उर्वरकों का स्टाक एवं बफर गोदामध्बिक्री केन्द्रों पर उपलब्ध भौतिक स्टाक का शत प्रतिशत सत्यापन किया जायेगा। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देश पर जनपद में नोडल अधिकारियों की देख–रेख में कृषि व सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित किये गये उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर आईएफएमएस पोर्टल में प्रदर्शित उर्वरक सम्भार तथा बिक्री केन्द्र पर उपलब्ध भौतिक सम्भार का 25 सितम्बर 2021 तक शत प्रतिशत मिलान/सत्यापन करेंगे। इसके अतिरिक्त कम्पनी वेयर हाउस गोदामों एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं के गोदामों का आईएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित उर्वरक स्टाक का जिला कृषि अधिकारी व सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता बहराइच द्वारा संयुक्त रूप से शत प्रतिशत मिलानध्सत्यापन किया जायेगा।जनपद में संचालित होने वाले सत्यापन अभियान के लिए जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र द्वारा तहसील सदर बहराइच के उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, पयागपुर के लिए जिला कृषि रक्षा अधिकारी आर.डी. वर्मा, नानपारा के लिए सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता बाबू राम तिवारी, कैसरगंज के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, महसी एवं मिहींपुरवा के लिए जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रदर्शित उर्वरक सम्भार तथा बिक्री केन्द्र पर उपलब्ध भौतिक सम्भार का शत प्रतिशत मिलानध्सत्यापन करने की कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए उसकी सूचना 25 सितम्बर 2021 की सांय तक संलग्न प्रारूप पर जिला कृषि अधिकारी, बहराइच को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्राविधानों की सुसंगत धाराओं के तहत नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत करायें।

## भाजपा किसान मोर्चा प्रधानमंत्री का 71 वां जन्मदिन किसान जवान सम्मान दिवस के रूप में मनायेगी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल भवन पर किसान मोर्चा के पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों के साथ क्षेत्रीय पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई । इस अवसर पर प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी किसान मोर्चा शुभम त्रिपाठी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य राकेश तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिव बहादुर सिंह, जिला महामंत्री वरूण सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह श्बैस, अंशुमान शुक्ला,श् सहित किसान मोर्चा के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता उपस्थित रहे । बैठक के दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राकेश शर्मा ने सभी को आगामी कार्ययोजना के बारे में बताया और सभी का परिचय प्राप्त हुआ । प्रदेश सोशलमीडिया सह प्रभारी शुभम त्रिपाठी ने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिवस को किसान जवान सम्मान दिवस के रूप में मनायेगी । बैठक के दौरान 18 सितम्बर को लखनऊ में होने वाले किसान सम्मेलन की रूप रेखा व कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई । भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी संदीप उपाध्याय ने बताया कि किसान जवान सम्मान कार्यक्रम के साथ साथ विभिन्न मोर्चाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।



# बिजली करेंट से अधेड़ की मौत

## खेत मे गया था घास लेने तार मे फंसने से हो गयी मौत



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र ।कोन थाना क्षेत्र के कस्बा कोन निवासी राजकिशोर पटेल 55 वर्ष प्रतिदिन कि भांति बुधवार को सांय अपने पत्नी के साथ लोहबे खेतकटवा अपने खेत मे घास लेने गया था कि वहां निवास करने वाला पडोसी के घर मे पोल से नंगे तार से खीचा हुआ लाइन टुटकर पहले से गीरा पडा था,जिसके चपेट मे आने से राजकिशोर बूरी तरह झूलस गया व मौके पर ही मौत हो गयी ।जानकारी के अनुसार बुधवार की सांय लगभग 6 बजे खेत मे घास काटकर घास की बोझा अपने पत्नी देकर कहा चलो हम घान की खेत देखकर आते है,उतने मे पत्नी घास लेकर घर वापस आ गयी लेकिन क्या पता था कि वहां काल ने बुलाया है। जाते ही पहले से खेत मे गिरी तार मे पैर फंस गया जिससे बूरी तरह से झुलसने से मौके पर ही मौत हो गयी। देर रात्रि तक वापस न लौटने पर परिजनों को पता चला, जिसकी खबर लगते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। जिसका शव परिजनों ने रात्रि मे अपने घर कोन ले लाया। मृतक का लडका शेर सिंह ने बृहस्पतिवार को सुबह थाने मे तहरीर देकर जांच कर कार्यवाही करते हुये मुआवजा का मांग किया है। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुध्दी भेज दिया।

## जंगल के पेड़ो की कौन करे रखवाली वनकर्मियो के रहते जेब हमेशा खाली

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हरैय्या सतघरवाद बलरामपुर।सोहेलवा वन जीव प्रभाग हरैय्या थाना क्षेत्र के वरहवाद बनकटवा रेंज में वनकर्मी के मिली भगत से जंगली वेशकीमती हरे शीशम,सागौन,खैर पेड़ो के अवैध अंधाधुंध कटान से सिकुड़ता जा रहा है जंगल पर्यावरण को भी पहुंचा रहे हैं वनमाफिया नुकसान वन अधिकारीअनजान। वनमाफिया जंगल में हरे पेड़ों को काट कर उठा ले जाते हैं और आसपास गांवो में डंप कर देते हैं तथा गांव में किसान के सूखे बाग को दिखाकर परमिट ले लेते हैं।और जंगली बेशकीमती बोटे को अन्य प्रदेशों में ट्रक से भेजकर बढिया दाम कमा रहे हैं। इस खेल में कुछ वनकर्मी एवं पुलिस भी सामिल होते हैं।इस सप्ताह उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार पकडे गए वेशकीमती लकड़ी के बोटा–झौहना गांव के पास 17 बोटा खैर,मंगलवार प्रानपुर थाना ललिया 108 बोटा शीशम, बुधवार रात्रि नंदनगर थाना हरैय्या 10 बोटा खैर आदि, इसके अलावा साइकिल एवं बाइक गैंग वनमाफिया भी सक्रिय यह सब कार्यवाही मुख्यबिर ने उच्च अधिकारियों को सूचना दिया तब हुए कार्यवाही। इस बावत वरहवा रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी आर के सिंह से बात करने की कोशिश किया लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका।

## शादी अनुदान योजना हेतु अश्वनलाइन आवेदन आमंत्रित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021–22 में (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) अन्य पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों के लिए संचालित शादी अनुदान योजना हेतु आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए वेबसाइट शादीअनुदान डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। श्री कुमार ने बताया कि शादी अनुदान योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन अरने के उपरान्त हार्डकापी जिस पर आवेदक के हस्ताक्षरध्अंगुठा निशानी लगे हों संलग्नकों सहित सम्बन्धित विकास खण्डध्तहसील कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। श्री कुमार ने बताया कि शादी अनुदान पात्रता हेतु आवेदन वित्तीय वर्ष 2021–22 में शादी की तिथि से 03 माह पूर्व एवं 03 माह पश्चात् तक किया जा सकता है। योजना से सम्बन्धित अन्य जानकारी विकास भवन स्थित पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश की अन्तिम तिथि 18 सितम्बर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच । आईटीआई प्रधानाचार्य प्रदीप अग्निहोत्री ने बताया कि व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग उ.प्र. शासन अन्तर्गत संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र अगस्त 2021 में प्रवेश हेतु राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उ.प्र. लखनऊ द्वारा अन्तिम तिथि 18 सितम्बर 2021 तक बढ़ा दी गयी है। चयनित अभ्यर्थी अन्तिम तिथि 18 सितम्बर 2021 तक सम्बन्धित संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

## प्रदेश स्तरीय आयोजन में सम्मानित किये जायेंगे प्रतिष्ठित महानुभाव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच । आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव 12 मार्च 2021 से प्रारम्भ होकर 15 अगस्त 2023 तक तथा चौरी–चौरा शताब्दी समारोह 04 फरवरी 2021 से प्रारम्भ होकर 04 फरवरी 2022 तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समारोहपूर्वक पूरे देशध्प्रदेश में भव्य रूप में मनाया जा रहा है।यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत प्रदेश स्तरीय आयोजन में विभिन्न क्षेत्रोंध्विधाओं के पुरस्कार प्राप्त प्रदेश के प्रतिष्ठित महानुभावों को सम्मानित किया जाना है। यह सम्मान समारोह जनपद लखनऊ में भव्य रूप से आयोजित किया जायेगा। इस हेतु भारत रत्न, पद्म पुरस्कार, केन्द्रीयध्उ.प्र. राज्य संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा अन्य क्षेत्रोंध्विधाओं में राष्ट्रीयध्राजकीय पुरस्कार से सम्मानित महानुभावों की सूची तैयार की जा रही है। प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह हेतु जनपद के भारत रत्न, पद्म पुरस्कार, केन्द्रीयध्उ.प्र. राज्य संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा अन्य क्षेत्रोंध्विधाओं में राष्ट्रीयध्राजकीय पुरस्कार से सम्मानित महानुभावों की सूची, फोटोग्राफ एवं संक्षिप्त जीवनवृत्त से सम्बन्धित विवरण एक सप्ताह में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश शासन स्तर से प्राप्त हुए हैं।

## आज मिलेगा लाभार्थियों को टूल किट तथा ऋण स्वीकृति पत्र का होगा वितरण

### लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम का होगा सजीव प्रसारण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर 2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुभारम्भ किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग मोहन कुमार शर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर 2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मा. मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जायेगा। इस अवसर पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत जिले के प्रशिक्षित लाभार्थियों को टूलकिट एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रमाण–पत्र का भी वितरण किया जायेगा।

## 87 क्रय केन्द्रों के माध्यम से जनपद में होगी धान की खरीद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। खरीफ विपणन वर्ष 2021–22 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत धान खरीद के लिए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा 06 क्रय एजेन्सियों के 87 धान क्रय केन्द्रों को संचालित करने की अनुमति प्रदान कर दी गयी है। स्वीकृत किये गये 87 क्रय केन्द्रों में क्रय एजेन्सी खाद्य तथा रसद विभाग, विपणन शाखा के 10, पी.सी.एफ. के 40, पी.सी.यू. के 24, यू.पी.एस.एस. के 09 तथा भा.खा.नि. व कृषि उत्पादन मण्डी समिति के 02–02 धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से खरीफ विपणन वर्ष 2021–22 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत धान की खरीद की जायेगी। धान क्रय केन्द्रों की स्थापना के सम्बन्ध में जारी किये गये आदेश में सभी सम्बन्धित क्रय संस्थाओं के जिला प्रबन्धकोंध्जिला प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत धान क्रय केन्द्रों पर समस्त आवश्यक व्यवस्था–प्रबन्धध्जियो टैगिंग समय से पूर्ण करते हुए निर्धारित तिथि से क्रय केन्द्रों को क्रियाशील कर धान की खरीद सुनिश्चित करें।

## उप मुख्यमन्त्री डा0 दिनेश शर्मा का 20 सितम्बर को पयागपुर आगमन

### हीरक जयन्ती व भाजपा प्रबुद्ध सम्मेलन को करेंगें सम्बोधित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। प्रदेश सरकार के उप मुख्यमन्त्री डा0 दिनेश शर्मा अपने एक दिवसीय भ्रमण पर 20 सितम्बर दिन सोमवार को बहराइच जनपद के कस्बा पयागपुर आ रहें हैं। वह विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कईं कार्यक्रमों में सम्मलित होंगें।डा0 शर्मा 20 सितम्बर को लखनऊ से राजकीय हेलीकाप्टर द्ववार लगभग दिन के लगभग 10 बजे पयागपुर के कोटबजार स्थित कौशलेन्द्र विक्रम सिंह इण्टर कालेज पहुंचकर पण्डित राम सेवक शर्मा पूर्व प्राचार्य कार्यालय कक्ष का उदघाटन व पूर्व विधायक राजा रुदेन्द्र विक्रम सिंह नवीन पुस्तकालय भवन का शिलान्यास करने के साथ ही कौशलेन्द्र इण्टर कालेज की हीरक जयन्ती के अवसर पर एक जन सभा को सम्बोधित करेंगें। प्रदेश सरकार के उप मुख्यमन्त्री डा0 दिनेश शर्मा अपरान्ह लगभग 01 बजे भाजपा युवा नेता निशंक त्रिपाठी के संयोजकत्व में राजा रुदेन्द्र विक्रम सिंह टीचर्स ट्रेनिगं कालेज मण्डी समिति के सामने पयागपुर पर आयोजित 287 पयागपुर विधानसभा क्षेत्र का भारतीय जनता पार्टी प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मलित होकर प्रबुद्ध जन को भी सम्बोधित करेंगें।

## 21 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं पिछड़े वर्ग के छात्र–छात्राएं

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 में कक्षा 09 व कक्षा 10 में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए संचालित पूर्वदशम् छात्रवृत्ति तथा कक्षा 11 व कक्षा 12 में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्तिध्शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के छात्रध्छात्राओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 21 अक्टूबर 2021 निर्धारित की गयी है। यह जानकारी देते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि पूर्वदशम् छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्तिध्शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ऑनलाइन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन–पत्र भरने की अन्तिम तिथि 21 अक्टूबर 2021 निर्धारित की गयी है। श्री कुमार ने बताया कि छात्रवृत्तिध्शुल्क प्रतिपूर्ति योजना हेतु सभी अर्ह छात्र–छात्राएं निर्धारित तिथि से पूर्व वेबसाइट स्कालरशिप डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर ऑनलाइन आवेदन भरकर अपने विद्यालयों में जमा करना सुनिश्चित करें।

# किसान महापंचायत में वार्ता के बाद 24 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

सिधौली (सीतापुर)। भारतीय किसान यूनियन की बस स्टॉप पर आयोजित किसान महापंचायत में एक घण्टे की वार्ता और काफी मान मनौवल के उपरांत उपजिलाधिकारी को 24 सूत्रीय ज्ञापन सौंप के तत्काल उन्हें निस्तारित किये जाने की मांग की गई। सोमवार को पूर्व निर्धारित भाकियू राजू गुप्ता गुट की क्षेत्र के किसानों और आम जन समस्याओं को लेकर एक महापंचायत का आयोजन किया गया। सुबह दस बजे शुरू हुई महा पंचायत दूसरे पहर तक चलती रही। निर्धारित समय पर अधिकारियों के ज्ञापन लेने के लिए न पहुंचने पर किसान यूनियन के पदाधिकारियों का आक्रोश बढने लगा और किसान लखनऊ के लिये कूच की तैयारी करने करने लगे। लगभग चार बजे पचायत में पहुंचे उपजिलाधिकारी सन्तोष कुमार राय को किसान यूनियन के सदस्यों ने ज्ञापन देने से मना कर दिया गया। जिस पर काफ ी देर तक एसडीएम मय प्रशासन के हाइवे पर खड़े रहे। नाराज किसानों व संगठन कर पदाधिकारी ज्ञापन देने से मना करते रहे। काफी देर के बाद उपजिलाधिकारी वार्ता करने पंचायत के पंडाल में पहुंचे और देर से पहुंचने का कारण बताया। लगभग एक घण्टे के वार्ता के उपरांत उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्यामू शुक्ल ने उपजिलाधिकारी को संगठन की मांगों के बारे में बताते हुए बिजली विभाग के भृष्ट अधिकारी जेई मोहित के कारनामे बताते हुए तत्काल कार्यवाही करवाने की मांग के व रेवान कला बनोगा अटरिया में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कार्यवाही करवाने की मांग सहित ज्ञापन को सभी मांगों को बताया और एसडीएम को सभी मामलों का निस्तारण कैसे करेंगे। यह जनता के बीच बताने हो कहा कि उपजिलाधिकारी सन्तोष कुमार राय ने राजस्व सम्बंधित सभी समस्याओं को एक माह में निस्तारण करने का आश्वासन दिया। वहीं बिजली विभाग पुलिस विभाग व स्वास्थ्य विभाग आदि की समस्याओं को सम्बंधित अधिकारियों एक सप्ताह में वार्ताकर समस्याओं का निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में एसडीएम ने बताया कि ब्लॉक सिधौली के कुछ स्थानों पर गो आश्रय स्थल निर्माणाधीन है व सभी न्याय पंचायत में एक गो आश्रय स्थल बनाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता ने भी महा पँचायत को सम्बोधित किया। इस अवसर पर मयंक सिंह चौहान, दीपू जायसवाल, राजा राम लोधी, मुसीर अहमद, सुल्तान अहमद, भोले, लवकुश, दयाराम, रंजीत यादव, लकी मिश्र, अवनीश, पिंटू सिंह, सौरभ तिवारी सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रीय किसान व महिलायें मौजूद रही।

# विद्यालय में शिक्षा ले रहे बच्चों ने कनवर्जन कास्ट का पैसा न मिलने की शिकायत की

सेउता (सीतापुर)। विकास क्षेत्र रेउसा के अन्तर्गत ग्राम मोहलिया भदमरा के दर्जनों बच्चे पूर्व माध्यमिक विद्यालय रसूलपुर में शिक्षा ले रहे बच्चों ने शिकायत की उन्हे सरकार से मिलने वाला कनवर्जन कास्ट का पैसा नहीं मिलने की शिकायत की है। जानकारी के अनुसार कोरोना काल में विद्यालय बंद रहे हैं। इस दौरान बच्चों को स्कूल में बुलाना खतरे से खाली नहीं था। जब सभी सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थान बंद थे। इसलिए सरकार ने स्कूल में पका पकाया भोजन न देकर स्कूलों में नामांकित बच्चों के हिसाब से सरकारी उचित दर की दुकान को कोटा आवंटित कर अध्यापकों की देख रेख में उनके हिस्से का राशन जैसे गेंहू, चावल का वितरण कराया जा रहा है और मिड डे मील की कनवर्जन कास्ट का पैसा सीधे बच्चों के खातों में तीन किस्तों में भेजने का प्राविधान था। स्कूलों के गुरुजनों द्वारा सूची बनाकर बच्चों के एकाउंट में बैंकों से भेजा भी गया है। वहीं विकास क्षेत्र रेउसा के ग्राम मोहलिया भदमरा के दर्जनों बच्चे कक्षा सात के ज्योति देवी, चांदनी देवी, उषा देवी, रेनू देवी, अमर सिंह यादव, संजीव यादव, मंजो गुप्ता, कक्षा आठ के सुनैना देवी, पूनम यादव, कामिनी यादव, रीता गुप्ता, नैनसी भार्गव, अम्बुज कुमार, कीर्ति देवी आदि बच्चे पूर्व माध्यमिक विद्यालय रसूलपुर में शिक्षा ले रहे हैं। इन सभी बच्चों को विद्यालय से मिलने वाला कनवर्जन कास्ट का पैसा एक भी किस्त उनके खाते में नहीं पहुंची है। सभी बच्चों ने बताया कि स्कूल की तरफ से बताया गया था तीन किस्तों में कनवर्जन कास्ट का पैसा आया है। तुम लोग जाकर बैंक से पैसा निकाल लो। जब हम लोगों ने खाता चेक कराया तो एक भी किस्त का पैसा हमारे खाते में नहीं पहुंचा है। इस बात की जानकारी जब अध्यापक से बताया तो उन्होंने कहा हमने सूची बनाकर भेज दी। अब बैंक की जिम्मेदारी है पहले चरण में 49 दिन, दूसरे चरण में 76 दिन का पैसा आ चुका। तीसरे चरण कि भी पैसा आ चुका है। काफी संख्या में बच्चों का पैसा तीनों किस्तों का निकल चुका है। सवाल यह कि जब तीनो किस्ते जारी हो चुकी है तो इन बच्चो को आज तक एक भी किस्त का पैसा क्यों नही मिला और अध्यापक कह रही है कि बैंक की कमी के कारण पैसे मिलने मे देर हो रही है। कही ऐसा तो नहीं है जिम्मेदारों द्वारा लापरवाही बरती गई हो जिसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ता है सभी बच्चो की ने शासन से मांग की है कि उनका पैसा उनके खाते मे जल्द भेजा जाय। इस बिषय में प्रधानाध्यापक फैजा आलम ने बताया कि हमने सूची बनाकर बैंक को सौंप दिए हैं। बैंक वाले अभी तक बच्चों के खाते में पैसा नहीं भेजा है ये बैंक की लापरवाही है।

## सेवा भारती द्वारा तपोधाम आश्रम में संस्कार व सिलाई केन्द्र का उद्घाटन

सीतापुर। सीतापुर सेवा भारती द्वारा संस्कार व सिलाई केन्द्र के उद्घाटन की तैयारी बैठक जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र विक्रम सिंह के आवास पर की गयी। बैठक के दौरान जिला महामंत्री रत्नेश द्विवेदी ने बताया कि तपोधाम आश्रम में संस्कार केन्द्र व सिलाई केन्द्र खोलने की अनुमति प्राप्त हो चुकी है। जिसका उद्घाटन आश्रम के महंत द्वारा कल सुबह साढ़े ग्यारह बजे होना निश्चित हुआ है। उपाध्यक्ष आकाश राय ने बताया की केन्द्रों को चलाने की सामग्री सिलाई मशीन फर्नीचर प्राप्त हो चुकी है जल्द ही केंद्र में प्रशिक्षण प्रारंभ हो जाएगा। अंत में जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी पदाधिकारियों को उद्घाटन कार्यक्रम सफल बनाने के लिए कार्यकम की रूप रेखा समझाया। बैठक में मुख्य रूप से सुभाष गुप्ता, अवनेन्द्र विक्रम सिंह, विश्ववीर गुप्ता, रत्नेश द्विवेदी, आकाश राय, वेद प्रकाश कश्यप, बी पी सिंह, कमलेश मेहरोत्रा आदि उपस्थित रहे।

## गणेश चतुर्थी कार्यक्रम में जवाबी कीर्तन का आयोजन

रेउसा (सीतापुर)। कस्बा के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर गणेश चतुर्थी कार्यक्रम में सोमवार की रात को जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक महेंद्र सिंह झीन बाबू के द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा पर फूला माला अर्पण व आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। रेउसा पावर हाउस विद्युत विभाग के कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह एवं माला पहनाकर उनका स्वागत सम्मान किया गया। पंडाल में मौजूद ग्रामीण महिलाओं से आशीर्वाद मांगा। इसी तरह से हर वर्ष की भांति यह कार्यक्रम इससे भी अच्छा होता रहे और गणपति बप्पा की कृपा हम सबके जीवन में हर वर्ष खुशियां ही आती रहे। जवाबी कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ सचिदेवा शरारती कानपुर व रोशनी अनजान लखनऊ द्वारा पंडाल में मौजूद महिलाएं एवं ग्रामीणों को अपनी और आकर्षित कर लिया। ग्रामीणों ने इस पल का तालियां बजाकर आनंद खूब लिया। इस अवसर पर लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष रिजवान अहमद, जिला पंचायत सदस्य दीपेंद्र सिंह उर्फ पवन सिंह सहित क्षेत्र के महिला एवं ग्रामीणों सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

## अशोक कुमार यादव बने जिला महासचिव

सीतापुर। जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष धीरेश कुमार कश्यप ने कमेटी का विस्तार करते हुये अशोक कुमार यादव को जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग का जिला महासचिव मनोनीत किया और अपेक्षा की कि इस कमेटी के माध्यम से जनता की समस्याओं की समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाकर महत्वपूर्ण योगदान देते हुये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्षा सोनिया गांधी हम सब के नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव व प्रियंका गांधी व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के हांथों को मजबूत बनायेंगे। अशोक कुमार यादव को जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग का जिला महासचिव बनाये जाने पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, शहर अध्यक्ष सन्तोष भार्गव पूर्व शहर अध्यक्ष पुष्पा भार्गव, राजीव गांधी, पंचायती राज संगठन अध्यक्ष संजय कुमार, कमलेश यादव, रामनरेश यादव, सोनू यादव, पीसीसी सदस्य गोमती भार्गव, विजय नाथ अवस्थी, अनिल शुक्ल, प्रदीप दुबे, आमोद मिश्र, राजीव शर्मा, श्रीष शुक्ला, शहवेज मुख्तार, पंकज शुक्ला, रिजवान खान, जावेद अख्तर, मनोज कुमार, सूरज चौधरी, सूरज राजवंशी के साथ समस्त कांग्रेसजनों को बधाई दी।

## रेडक्रॉस ने जागरूक कर बाटी हाईजीन किट : शाहिद अंसारी

सीतापुर। इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी शाखा सीतापुर द्वारा सर्व सोशल इमरजेंसी रिस्पांस वालंटियर्स कार्यक्रम के अंतर्गत कोरोना वायरस एवं डेंगू के प्रति एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अली हसनैन विद्यालय बैरम बाग में आयोजित किया। कार्यक्रम में साफ सफाई कोरोना एवं डेंगू संक्रमण से बचाव हेतु जागरूक करते हुए 40 परिवारों को हाइजीन किट जिसमें सेनेटरी पैड, साबुन, मॉस्क, टूथब्रश, टूथपेस्ट, सेनेटाइजर एवं मॉस्क रेडक्रॉस द्वारा वितरित किये गये।

# परिवहन मंत्री ने बीते दिनों दिए थे व्यवस्था सुधारने के निर्देश, नही सुधर सकी उन्नाव एआरटीओ कार्यालय की व्यवस्था

## दलालों का भ्रष्टाचार नही थमने का ले रहा नाम, अधिकारी बने हुए है मूकदर्शक

उन्नाव। प्रदेश सरकार जहां एक तरफ परिवहन विभाग की व्यवस्थाओं को जनहितकारी बनाने की तरफ लगातार प्रयत्नशील है। उनके विभाग के ही मंत्री बीते दिवस वर्चुवल माध्यम से समीक्षा बैठक के दौरान व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। बीती 13 सितंबर को बैठक के दौरान परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अशोक कटारिया ने कहा कि भिन्न भिन्न तरह की ट्रालियों के निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जाये। डीटीसी व आरटीओ अपने अधीनस्थ अधिकारियों के कार्यो का नियमित अनुश्रवण करें। सीटबेल्ट, हेलमेट सहित बकाया वसूली में तेजी लाई जाये। ओवरलोडिंग व उसके अनाधिकृत संचालन पर कडी कार्यवाही की जाये।

लेकिन उनके ही विभाग में उनकी कही गई किसी भी बात का कोई असर होता दिखाई नही देता। अभी बीते दिवस नोडल अधिकारी जिले के तीन दिवसीय दौरे पर रहे। इसके बावजूद एआरटीओ कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर चलता रहा। इसका संजाल ही इतना गहरा है कि इतनी आसानी से समेटा नही जा सकता। पूरी की पूरी व्यवस्था ही भ्रष्टाचार की गंदगी से लबरेज है। या यूं कहे कि व्यवस्था में लगे व्यवस्थापक गांधारी बने हुए है तो व्यवस्था अंधेर नगरी चौपट राजा टके शेर भाजी टके शेर खाजा की नीति पर संचालित हो रही है। वहां पर काम के लिए जाने वाले आवेदक आनलाइन व्यवस्था के बावजूद कार्यालय की परिक्रमा करते ही थकते है और फिर थकहार कर बाहरी दलालों का सहारालेने को मजबूर होते है। यह मजबूरी भला पल उनके लिए किसी संजीवनी से कम नही होता, क्या करें साहब व्यवस्था ही कुछ ऐसी बन गई है। ईमानदारी से काम करवाने वाला आवेदक परीक्षा में कई बार फेल कर दिया जाता है लेकिन भ्रष्टाचार का सहारा लेकर काम करने वाला आवेदक भले ही बाइक का हैण्डल तक न पकडा हो लेकिन अव्वल नंबरों से पास करवा दिया जाता है। नाम न छापने की शर्त पर आवेदकों ने बताया कि जब बिना दलालों से संपर्क किए काम करवाने के लिए पटल पर जाओ तो इधर से उधर टहला दिया जाता है। काम न होने की परिस्थिति में आवेदक मजबूरन भ्रष्टाचार का सहारा लेने को मजबूर होता है। वाहन का लाइसेंस बनवाने वाले इन युवाओं को जब ऐसी चौखटों से निराशा होना पडेगा तो आगे इसका दूरदर्शी परिणाम कैसा होगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

## सीसीटीवी फुटेज से बयां हो सकती है कार्यालय की कुछ हकीकत

उन्नाव। आरटीओ कार्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं के बाद व्यवस्था ऑनलाइन किए जाने की कवायद शुरु की गई थी। आज कहने को तो एआरटीओ विभाग आनलाइन व्यवस्था से जुड चुका है लेकिन दलालों की कमाई पर अंकुश आज भी नही लग पाया है। शासन स्तर पर अगर इन कार्यालयों की आनलाइन मानिटरिंग करवाई जाये तो कुछ हद तक सुधार की बात लोगो में कही व सुनी जा रही है। कार्यालय में कहने को तो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है लेकिन व्यवस्थाएं तक भी जस की तस बनी हुई है। बता दें कि कार्यालय में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे को निष्पक्षता से जांचा जाये तो निश्चित तौर पर कई पर्ते खुलकर सामने आने की बात कही जा रही है। इधर, नाम न छापने की शर्त पर एक आवेदक ने बताया कि वह पहले अपना काम कराने के लिए पटल पर गया। लेकिन वहां पर जब काम नही बना तो वह बाहर बैठे दलालों के संपर्क में गया। तो उसे लाइसेंस की एवज में 4500 रुपये की मांग की गई है। वह उसे भरोसा है कि उसका काम हो जायेगा। गौरतलब बात यह है क एआरटीओ कार्यालय के बाहर बडे वाहन खडे रहते है। जिससे कभी भी कोई हादसा घटित हो सकता है। दूसरी तरफ कार्यालय के बाहर खाने पीन की दुकान होने से हाइवे पर लोगो का जमावडा इकठ्ठा होता है। इससे भी दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है।

चर्चाएं इस बात की भी कार्यालय में बहुत है कि पहले लाइसेंस का चार्ज आरआई कृष्ण कुमार यादव के पास था। लेकिन इस कमाऊ सीट का चार्ज एआरटीओ आदित्य त्रिपाठी के आते ही उन्होने अपने पास ले लिया। वैसे तो यह सीट कई बार बिन आरआई के होने पर रिक्त रही। तब इसका चार्ज अधिकांशतः एआरटीओ प्रशासन देखते रहे। लेकिन इस बार आरआई होते चार्ज एआरटीओ ने अपने पास ले रखा है। यह बात कार्यालय के लोगो सहित बाहर भी चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले में जब आरटीओ लखनऊ से संपर्क किया गया तो उनका मोबाइल बंद आया।

## हरपालपुर से डबल डेकर बसों का आवागमन निर्बाध रूप से जारी

हरदोई। स्थानीय कस्बे से बिना परमिट की डबल डेकर बसें दिल्ली तक बेखौफ होकर फर्राटा भरती हैं। आरटीओ ने एक डबल डेकर डग्गामार बस पकड़कर हरपालपुर कोतवाली में खडी करा दी है। जिससे संचालकों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय कस्बे के प्राइवेट बस स्टॉप पर हर शाम डग्गामार बसें आकर खड़ी हो जाती हैं।यहां से दिल्ली तक का सफर बिना परमिट के ही करती है। डग्गामार डबल डेकर बसों के संचालक हर माह लाखों रुपए के राजस्व का चूना सरकार को लगा रहे हैं।परिवहन विभाग भी जान कर अंजान बना रहता है। सूत्रों के मुताबिक, यह गोरखधंधा पुलिस की सांठगांठ से हो रहा है।वहीं कुछ व्यापारी इन गाड़ियों के माध्यम से टैक्स चोरी का लाखों रुपए का माल प्रतिदिन दिल्ली एनसीआर के क्षेत्र से जिले में पहुंचाते हैं। सुबह हरदोई के एआरटीओ दयाशंकर ने हरपालपुर कस्बे से अवैध रूप से डग्गामार डबल डेकर बस पकड़कर कोतवाली में खडी करा दी है। परिवहन विभाग भी डग्गामार बसों पर खानापूर्ति के लिए ही कार्यवाही करता है। स्थानीय कस्बे से लेकर पाली रूपापुर सांडी से बिना परमिट के डबल डेकर बसे हर दिन रोड पर फर्राटा भर रही हैं।

## जन समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

हरदोई। तहसील परिसर में मासिक बैठक के दौरान भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष राज बहादुर सिंह ने जन समस्याओं के निस्तारण के लिए ज्ञापन सौंपा। उप जिलाधिकारी अतुल प्रकाश श्रीवास्तव व तहसीलदार की गैर मौजूदगी के चलते एसडीएम के स्टेनो प्रिया पटेल को ज्ञापन सौंपते हुए, कहा कि आने वाले वक्त में तहसील मुख्यालय पर कम से कम पांच धान क्रय केंद्र लगवाने,धान की फसल हेतु बिगड़े राजकीय नलकूप की मरम्मत व रजवहा, (माइनरों) में लगातार पानी छोड़े जाने की मांग की ताकि पानी के अभाव में फसल कमजोर ना हो। वहीं जुरा शहब्दा वि खण्ड माधौगंज निवासिनी मीना बेवा की रुकी पेंशन को पुनः बहाल कराये जाने की मांग की, मेरठ प्रयागराज हाईवे में जिन किसानों ने जमीन का बैनामा कर दिया है कई महीने बीतने के बाद भी अभी तक भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है ऐसे किसानों को पैसे के लिए दर–दर भटकना पड़ रहा है। उनको यथा शीघ्र भुगतान कराया जाए ताकि उनकी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी हो सकें, इसके साथ ही छुट्टा जानवरो, की परेशानी और विधवाओं की रुकी पेंशन,पन्यौडा से नेवादा रोड पर मनरेगा कार्य में किसानों के खेत में खड़ी धान की फसल को जेसीबी से खोदने की शिकायत कर उनके जल्द निस्तारण की मांग की है।

## सांडी विधायक व अहिरोरी ब्लाक प्रमुख ने हमारी योजना हमारा विकास कार्यक्रम का किया उद्घाटन

हरदोई। अहिरोरी ब्लाक में ष्हमारी योजना–हमारा विकास ष्के तहत ग्राम प्रधानों का एक दिन के शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांडी विधायक प्रभाष कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख धरमवीर सिंह पन्ने ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक ने कहा कि हमारे समस्त ग्राम प्रधान शासन की योजनाओं का लाभ समस्त पात्र व्यक्तियों को मिले और ग्राम सभा का समस्त विकास हो सके।ब्लॉक प्रमुख ने प्रधानों को संबोधित करते हुऐ कहा कि ग्राम प्रधान शासन की रीढ़ है ग्राम सभा वासियों के समस्त विकास इनके अथक प्रयासों से ही सम्भव हो पाते हैं।प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील बाजपेई मंडल अध्यक्ष ,यादवेंद्र सिंह सोनू, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनूप कुमार पाल, सोनू सिंह,आकाश कुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, विजेंद्र सिंह ,गुड्डु सिंह गोबर्धनपुर दिनेश गुप्ता, रजनीश वर्मा मनमोहन अग्रवाल आदि ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## सिपाही की पत्नी ने फांसी लगा कर की आत्महत्या, शव पोस्टमार्टम को भेजा

शिकोहाबाद । नसीरपुर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर में एक सिपाही की पत्नी का शव कमरे में लटकता हुआ मिला। शव को फंदे पर लटका देख परिवार में चीखपुकार मच गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। करनपुर निवासी कमल यादव पुलिस में भर्ती है। वह आगरा में डॉयल 112 पर तैनात है। सुबह उसकी पत्नी रूमा यादव (30) का शव गांव में कमरे में लटका हुआ मिला। महिला का शव फंदे पर लटका देख परिवार में चीखपुकार मच गई। सूचना पर थाना पुलिस और मृतका के परिवार के लोग मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सीपी सिंह ने बताया कि महिला ने पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। मृतका के परिवारीजनों के प्रार्थना पत्र पर महिला का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# शिक्षा के केंद्र के रूप में रही जौनपुर की पहचान :ज्ञान प्रकाश

जौनपुर । शिवसेना के मुखपत्र सामना में प्रकाशित एक लेख में जौनपुर जिले को हत्या और ब्लात्कार से जोड़ने पर सियासी घमासान मचा हुआ है। तमाम सियासी दलों के लोग शिवसेना से माफी मांगने की मांग कर रहे हैं। भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने शिवसेना नेता संजय राउत पर तीखा हमला किया है।उन्होंने कहा कि श्री राउत को जौनपुर जिले का इतिहास पढ़ना चाहिए।बलात्कार और हत्या जैसी घटना को किसी जिले का पैटर्न बताना जौनपुर की 45 लाख जनता का अपमान है।जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि जौनपुर कभी भी अपराध के लिए नही जाना गया।

इस जिले की पहचान सदियों से शिक्षा के केंद्र के रूप में रही है।इस धरती पर बड़े बड़े लेखकों , कवियों और शायरों ने जन्म लिया है।शर्की शासन में जौनपुर को शीराज–ए–हिन्द का खिध्ताब मिला।स्वतन्त्रता संग्राम में जौनपुर के लोगों ने बढ़ चढ़ कर कुरबानी दी।इसी जिले के मुबारकपूर गांव में 40 स्वतन्त्रता सेनानियों को एक साथ फाँसी के फंदे पर लटकाया गया। ज्ञान प्रकाश सिंह ने सामना के सम्पादक और शिवसेना नेता संजय राउत को जौनपुर का इतिहास पढ़ने की नसीहत दी।कहा कि जौनपुर अपराधियों नहीं अफसरों की धरती है।यहां के माधोपट्टी गाँव से 3 दर्जन से भी ज्यादा आईएएस , आइपीएस अफसर देश की सेवा कर रहे हैं।जौनपुर की माटी ने रूपनारायण त्रिपाठी , श्रीपाल सिंह क्षेम , वामिक जौनपुरी और सज्जाद जहीर जैसे कवियों– साहित्यकारों को जन्म दिया है।इसी जौनपुर के विजेठुआ में हनुमान जी के कदम पड़े , यहीं चौकिया माई का धाम है , यह भगवान परशुराम की भी धरती है। गुरुगोविंद सिंह के कदमों के निशान भी इस जिले की धरती पर हैं।

## इंजीनियर्स दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

जौनपुर। संस्कार भारती के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत इंजीनियर्स दिवस के अवसर पर आइएमए ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एवं अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष डॉ0 ज्योतिदास जी ने किया। श्रीमति दास ने रक्तदान के लिए सभी को प्रेरित किया, बताया कि तमाम जरूरतों की वजह से रक्त संग्रहण में भारी गिरावट आई है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं एवं दुर्घटना जैसी अन्य परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ने पर काफी दिक्कतों का सामना कर पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के उद्देश्य से सरकारी, गैरसरकारी, एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। रविकांत जायसवाल ने रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदाताओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लाभ के बारे में बताया। जिसमें एक यूनिट रक्तदान करने से हम चार लोगों की जान बचा सकते हैं। इसलिए रक्तदान जरूर करना चाहिए क्योंकि इससे बड़ा पुण्य का और कोई काम नहीं है। रक्तदाता राजेश श्रीवास्तव, आकाश सेठ, यशश्वी दास एवं संस्था के निर्वातमान मंत्री ऋषि श्रीवास्तव ने रक्त दान किया। रक्तदान के पश्चात रक्तदानियों को फल एवं फल का जूस वितरित किया गया।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर, जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# अगर आप शारीरिक रूप से कमजोर हैं तो दूध में मिलाकर पीये यह 1 चीज



इस खबर में हम आपके लिए लेकर आए हैं लौंग वाले दूध के फायदे. जाने माने आयुर्वेद डॉक्टर अबरार मुल्तानी के अनुसार, वैसे तो दूध और लौंग का अलग–अलग सेवन करने से शरीर को फायदे होते ही हैं, लेकिन यदि आप इन दोनों का एक साथ सेवन करते हैं तो आप कई गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं. लौंग में पाए जाने वाले तत्वः रिपोर्ट के अनुसार, लौंग में विटामिन के साथ अन्य मिनरल्स पाए जाते हैं. इनमें जिंक, कॉपर, मैग्नीशियम पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं. इसके अलावा लौंग में प्रोटीन, आयरन, कार्बोहाइड्रेट्स, कैल्शियम और सोडियम एसिड भरपूर मात्रा में पाया जाता है.

लौंग के फायदेः लौंग का सेवन करने से भूख बढ़ती है. लौंग पेट के कीड़ों को खत्म करती है. लौंग चेतना शक्ति को नॉर्मल रखती है. लौंक का सेवन करने से शरीर की दुर्गंध दूर हो जाती है लौंग का सेवन करने से मूत्र मार्ग ठीक रहता. सूत्रों ने बताया कि दूध में प्रोटीन, कैल्शियम और राइबोफ्लेविन (विटामिन बी –2) पाया जाता है. साथ ही विटामिन ए, डी, के और ई सहित फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, आयोडीन व कई खनिज और वसा तथा ऊर्जा भी होती है. ये सभी हमारे शरीर के लिए कई तरह की बामारियों से बचाती हैं. दूध के फायदेः एक गिलास दूध में पुरुषों की रोज की जरूरत का 37 प्रतिशत कैल्शियम पाया जाता है. इसका सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं दूध में मौजूद फैट और प्रोटीन्स मेल हार्मोन्स को एक्टिव करते हैं.

फर्टिलिटी बढ़ती है. दूध में मौजूद कैल्शियम स्ट्रोक से बचाता है. दूध में मौजूद कैल्शियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखते हैं दूध में सेसिन और व्हे प्रोटीन होते हैं, जो मसल्स को मजबूत बनाते हैं. लौंग और दूध का एक साथ सेवन करने से फायदे लौंग–दूध के सेवन से शरीर के कई रोग जड़ से खत्म हो जाते हैं. एसिडिटी, कब्ज, गैस की समस्या खत्म हो जाती है. मुंह से आने वाली बदबू से राहत पाने के लिए भी लौंग को चबाकर उपयोग कर सकते हैं. दूध में दूध में मौजूद फैट और प्रोटीन्स मेल हार्मोन्स को एक्टिव करते हैं. इसलिए लौंग के साथ दूध का सेवन करने से पुरुष अपने आपको तरो–ताजा महसूस करते हैं. दूध में लौंग मिक्स करके पीने से यौन शक्ति बढ़ती है.

## प्रीति झंगियानी ने ठुकराया बिग बॉस 15 का ऑफर, बताई यह वजह

शबिग बॉस 15य 3 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और मेकर्स ने सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस सीजन के लिए सिलेब्रिटीज को अप्रोच करना शुरू कर दिया है। खबरें हैं कि इस



शो के लिए मेकर्स ने हाल ही टीना दत्ता, मानव गोहिल, सिंबा नागपाल और रीम शेख को अप्रोच किया था। शबिग बॉस ओटीटीय की कंटेस्टेंट और ऐक्ट्रेस शमिता शेट्टी की को–स्टार प्रीति झंगियानी को भी शबिग बॉस 15य का ऑफर दिया गया, पर उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया है। प्रीति ने बताया कि उन्हें पिछले कुछ सालों से लगातार शबिग बॉसय का ऑफर मिल रहा है, लेकिन वह हर बार इसे ठुकरा देती हैं। इस बार भी उन्हें शो की क्रिएटिव टीम से फोन आया, लेकिन मना कर दिया। इसकी वजह पूछे जाने पर प्रीति झंगियानी ने कहा कि वह शबिग बॉसय के घर में दो दिन भी सरवाइव नहीं कर पाएंगी। यह रियलिटी शो उनके बस का नहीं है। इसीलिए वह हर बार इस शो को करने से इनकार कर देती हैं। प्रीति झंगियानी से जब उनकी श्मोहब्बतेंय फिल्म की को–स्टार शमिता शेट्टी के गेम प्लान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि चूंकि वह बिग बॉस को बिल्कुल भी फॉलो नहीं करतीं, इसलिए कुछ कह नहीं सकतीं। उन्होंने कहा कि शमिता के साथ उनकी बॉन्डिंग भी गहरी नहीं है, लेकिन वह चाहती हैं कि शमिता शबिग बॉस ओटीटीय जीतें। करियर की बात करें तो प्रीति झंगियानी ने 1997 में एक म्यूजिक एल्बम से शुरुआत की थी। इसके बाद 1999 में उन्होंने साउथ की फिल्मों से ऐक्टिंग में एंट्री की। उस साल उन्होंने मलयालयम, तमिल और तेलुगु भाषा की 3 फिल्मों में काम किया था। प्रीति ने बॉलिवुड में 2000 में आई फिल्म श्मोहब्बतेंय से एंट्री की थी। साल 2017 में उन्होंने फिल्मों से ब्रेक ले लिया। वहीं बात करें शबिग बॉस ओटीटीय की तो इसका फिनाले 18 सितंबर को है। शो में फिलहाल शमिता शेट्टी, राकेश बापट, निशांत भट्ट, दिव्या अग्रवाल, प्रतीक सहजपाल और नेहा भसीन हैं। वहीं 3 अक्टूबर से शबिग बॉस 15य शुरू हो रहा है, जिसमें इस बार ऐक्ट्रेस रेखा भी होंगी, जोकि श्ट्री ऑफ फॉर्च्यूनय का हिस्सा होंगी।




# सनी कौशल और राधिका की शिद्दत का ट्रेलर जारी, 1 अक्टूबर को हॉटस्टार पर आएगी फिल्म



बॉलीवुड अभिनेता सनी कौशल काफी समय से अपनी रोमांटिक फिल्म शिद्दत को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री राधिका मदान मुख्य भूमिका में दिखने वाली हैं। फिल्म में डायना पेंटी और मोहित रैना भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। अब इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह फिल्म स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आगामी 1 अक्टूबर को रिलीज होगी। डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। लीड कलाकार राधिका ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का ट्रेलर शेयर किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, फिल्म शिद्दत के ट्रेलर के साथ प्यार की ताकत को महसूस करें। फिल्म 1 अक्टूबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आ रही है। इस ट्रेलर में राधिका और सनी के बीच प्यार की अद्भुत झलक देखने को मिलती है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि सनी और राधिका की मुलाकात पेरिस में होती है। दोनों में नजदीकियां बढ़ती हैं और वे प्यार में पड़ जाते हैं। नियति को कुछ और ही मंजूर होता है क्योंकि राधिका किसी और के साथ शादी करने के लिए तैयार हो जाती हैं। मोहित और डायना को भी फिल्म में एक कपल के रूप में फिल्माया गया है। उनकी प्रेम कहानी भी मुश्किल दौर से गुजरती है, जैसा कि ट्रेलर में दिखाया गया है। फिल्म के ट्रेलर में प्यार की अच्छी केमिस्ट्री दिखाई गई है। ट्रेलर देखने से स्पष्ट है कि फिल्म में कुछ बोल्ड और किसिंग सीन देखने को मिलेंगे। शिद्दत को मुंबई, लंदन, पेरिस और ग्लासगो में शूट किया गया है। यह फिल्म पिछले साल सितंबर में रिलीज होने वाली थी। कोरोना वायरस की महामारी के कारण फिल्म की रिलीज में देरी हुई है। इस फिल्म का निर्देशन कुणाल देशमुख ने किया है। सनी ने गोल्ड और भांगड़ा पा ले जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। वहीं, राधिका को पटाखा और अंग्रेजी मीडियम में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। इस फिल्म की पटकथा श्रीधर राघवन ने लिखी है। इस फिल्म का निर्माण दिनेश विजान और भूषण कुमार ने किया है। यह फिल्म दिनेश के मैडॉक फिल्म्स प्रोडक्शन के सौजन्य से निर्मित है। अब देखना है कि प्रेम कहानी पर आधारित यह फिल्म दर्शकों का दिल जीत पाती है या नहीं।



# फिल्मफेयर मैगजीन के कवर पेज पर नजर आये मीजान जाफरी

मीजान जाफरी जो अभी सिर्फ दो ही फिल्मों में नजर आये है , उन्होंने दो फिल्मों से ही ऑडियंस के दिल में घर कर लिया है। लोग उनकी एक्टिंग स्किल से इम्प्रेस हुए है और अब वह नजर आये फिल्मफेयर मैगजीन के कवर पेज पर। कवर पेज शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, फिल्मफेयर उनको टैग लाइन दी गयी ऑन द राइज रू मीजान जाफरी हास् अराइव्ड इन स्टाइल और मानना पड़ेगा इस कवर पेज पर वह बेहद स्टाइलिश लग रहे है। मीजान की फीमेल फैन फोल्लोविंग काफी बड़ी है और इस कवर पेज से उन्हें पूरी अटेंशन मिल रही है। अब वह दिन गए जब ऑडियंस किसी भी स्टार किड को अपनाकर उन्हें सुपरस्टार बना देती थी। आज की ऑडियंस को अच्छी एक्टिंग चाहिए। आप भले ही स्टार किड हो या आउटसाइडर , अगर आप अच्छी एक्टिंग और अच्छी फिल्में कर रहे है तो आप ऑडियंस के बीच हिट है। मीजान के खून में एक्टिंग है और दो फिल्मों के साथ उन्होंने अपना पोटेंशियल दिखा दिया है। आज सबको उनसे बहुत उम्मीदें है।

वह कभी भी एक्टर नहीं बनना चाहते थे। वह हमेशा से म्यूजिक या स्पोर्ट्स में इंटरेस्ट रखते थे लेकिन किस्मत में कुछ और ही लिखा था।उन्हें एक ड्रीम लांच मिला जब संजय लीला भंसाली ने उन्हें फिल्म मलाल से डेब्यू करवाया। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली लेकिन सबको मीजान पसंद आये। अभी हाल ही में उन्होंने बताया कैसे दो फिल्म बतौर एक्टिंग करने के बाद भी उन्होंने संजय लीला भंसाली को उनकी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में असिस्ट किया । वर्कफ्रंट पर ,मीजान को हाल ही में हंगामा 2 में देखा गया था जो 2003 में आयी फिल्म हंगामा का सीक्वल है। फिल्म में उनके साथ शिल्पा शेट्टी, परेश रावल और प्रणिता सुभाष नजर आये।

# आपकी त्वचा के लिए अमृत है पानी



पानी न केवल आपके शरीर के सभी अंगों को सही प्रकार कार्य करने में मदद करता है, बल्कि साथ ही साथ यह आपकी त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है।

हाईड्रेशनः पर्याप्त मात्रा में पानी पीना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। इससे पाचन क्रिया अच्छी रहती है, संचार सुचारू रहता है और अन्य कई स्वास्थ्य परेशानियों से भी हमारा बचाव होता है। लेकिन, क्या आप इस बात से वाकिफ हैं कि पानी हमारी त्वचा के लिए भी जरूरी होता है। आपके लिए इससे जुड़े कुछ सवालों के जवाब लेकर आए हैं। हम आपको बताऐंगे कि कैसे अपने शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी रखा जाए, ताकि त्वचा सुंदर और स्वस्थ बनी रहे।

सारा दिन कम होता है पानीः हमें दिन भर नियमित अंतराल पर पानी पीते रहना चाहिए। आखिर हमारे शरीर से लगातार पानी कम होता रहता है। यहां एक बात जानना और जरूरी है कि हम जो भी पानी पीते हैं वह त्वचा तक पहुंचने से पहले हमारे शरीर के अन्य अंगों तक पहुंच जाता है। तो, ऐसे में त्वचा का बाहर से खयाल रखना भी जरूरी होता है।

डिहाइड्रेशन है खतरनाकः अगर त्वचा में पानी की अधिक कमी हो जाए, तो इससे वह रूखी, सख्त और पपड़ीदार हो जाती है। रूखी त्वचा पर झुर्रियां और अन्य प्रकार के नुकसान होने की आशंका अधिक होती है। तो, अपनी त्वचा को किसी प्रकार के नुकसान से बचाने के लिए जरूरी है कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

त्वचा को भी चाहिए पानीः शरीर के अन्य अंगों की तरह हमारी त्वचा को भी पानी की जरूरत होती है। हमारी त्वचा पानी से बनी कोशिकाओं से निर्मित होती है। शरीर के अन्य अंगों की तरह, हमारी त्वचा को भी सही प्रकार से काम करने के लिए पानी की जरूरत होती है।

मॉश्चराइजरः अपनी त्वचा में नमी का जरूरी स्तर बनाए रखने के लिए जरूरी है कि रोज रात को मॉश्चराइजर लगाकर सोएं। इससे आपकी त्वचा को अच्छा पोषण मिलेगा। केमिकल उत्पादों के उपयोग से बचें। स्वस्थ त्वचा के लिए कुदरती उत्पादों का उपयोग करना बेहतर रहेगा।

एक्सफोइलेट और हाइड्रेटः आपको अपनी त्वचा को सिर्फ हाइड्रेट करने की ही जरूरत नहीं होती, बल्कि उसका रुखापन भी दूर करने की जरूरत होती है। साथ ही साथ आपको मृत कोशिकाओं को हटाना भी होता है। आप अपनी त्वचा पर मॉश्चराइजर लगाकर इस समस्या से निजात पा सकते हैं। इससे आपकी त्वचा का रूखापन और क्रेक कम हो सकते हैं। अपनी त्वचा को स्वस्थ बनाये रखने के लिए इस क्रिया को नियमित रूप से दोहराया जाना जरूरी है।